The motion was adopted.

MR DEPUTY CHAIRMAN: Now, once the Statutory Resolution is voted, the Motion moved by Shri Shiva Chandra Jha is automatically barred.

SHORT DURATION DISCUSSION

Import of Animal Tallow

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we can start the discussion, on the other thing. Mr. Mathur, you can start now. Ten minutes' time is there. Please sreak for ten minutes now.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, आज हम एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण, परन्तु भावनाओं के भरे हुए विषय पर विचार करने के लिए यहां बैठे हैं। जब गाय के मांस की या सुअर की चर्बी का जिक्र आता है तो स्वभावत: रौंगटे खड़े हो जाते हैं । हम लोगों को वह दिन याद है जब आज से एक सदी पहले इस सवाल को मुख्य बनाकर हम लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई शुरू की थी । मेरे साथी जो इधर बैठे हैं या उधर बैठे हैं, वे कहेंगे कि एक सदी बीत गई, लेकिन हिन्दुस्तान वहीं का वहीं खड़ा है । हम प्रोग्रेसिव या प्रगतिवादी नहीं हुए । आज भी मुसलमान सुअर के मांस को हाथ लगाने से डरता है और गऊ के मांस का नाम लेने में हिन्दु भी नाराज हो जाता है । मैं यह नहीं कहता कि तथाकथित प्रोग्रेसिव कहलाने वाले लोग इस संबंध में ठीक या गलत विचार रखते हैं मगर यह सत्य है कि गाय और सुअर का मांस छूने से हिन्दु मुसलमान नाराज होता है । । इस वक्त यह बहस का विषय नहीं है । मैं यह अवश्य कहना चाहता हूं कि लोगों की भावनाओं का निरादर नहीं किया जाना चाहिए । यह कोई पिछड़ेपन की निशानी नहीं है । प्रत्येक धर्म की कुछ न कुछ मान्यताएं होती हैं । इस देश के हिन्दू यह मानते हैं कि गाय उनके लिए माता के समान है । मुसलमानों के लिए सुअर का मांस हराम है । इसमें कोई पिछड़ेपन की बात नहीं है। इससे भावनाओं का संबंध है, मजहबी अकीदा है। इससे कहीं पर पिछड़ापन प्रलक्षित नहीं होता है । दुर्भाग्य की बात है कि जब गाय और सुअर की चर्बी का सवाल उठा तो सरकार ने इसको राजनीति का सवाल बना दिया । सवाल इस बात का नहीं है कि चर्बी बाहर से आती है । देश में भी चर्बी पैदा की जा सकती है । सवाल यह है कि हिन्दुस्तान के हिन्दुओं और मुसलमानों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ क्यों किया गया ? हमारे विद्वान मंत्री महोदय यहां पर बैठे हैं । पहले पहल जब यह सवाल खड़ा हुआ तो मंत्री महोदय ने लोक सभा में 25 जुलाई को कहा कि चर्बी का कुछ आयात होता है, लेकिन इसमें मिलावट की कोई गुंजायश नहीं है । चार दिन के बाद कहा कि हां, मिलावट हो सकती है और हम इसको पकड़ेंगे । फिर कहा कि मिलावट पे मिलावट नहीं हो सकती है । आज कहते हैं कि हमने कुछ मामले पकड़े हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि जब यह सवाल खड़ा हुआ था, तो उस वक्त खुले आम यह क्यों नहीं कहा गया कि हां, मिलावट हो सकती है, हम मामले पकड़ रहे हैं । इससे सारी स्थिति स्पष्ट हो जाती । लेकिन सरकार की तरफ से इस मामले को एक राजनीतिक विषय बनाने की कोशिश की गई । मैं पूछना चाहता हूं कि 25 जुलाई से अगस्त और सितम्बर तक आपने अलग अलग ब्यान क्यों दिये ? इसका स्पष्ट कारण यह था कि आप मामले को दबाना चाहते थे । जब मिलावट हो सकती थी तो आपने पहले ही मामले की छानबीन क्यों नहीं की ? श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी आप जैसे

विद्वान और मजबूत मंत्री के होते हुए आपने इस मामले को दबाने की कोशिश क्यों की ?

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार) : वे तो बहुत कमजोर व्यक्ति हैं ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आपके मुकाबले में कमजोर व्यक्ति हो सकते हैं । लेकिन मेरे मुकाबले में तो तगड़े हैं । जब सर्वप्रथम यह सवाल खड़ा हुआ तभी सरकार का यह कर्त्तव्य था कि वह कहती कि गाय की और सुअर की चर्बी देश में आती है और उसकी मिलावट भी हो सकती है । लेकिन इस मामले की जांच करेंगे और जो लोग दोषी पाए जाएंगे उनको सजा देंगे । अगर आप ऐसा करते तो विरोधी दल और सरकार, सभी मिलकर उसका मुकाबला करते । लेकिन श्रीमन्, इन्होंने एक नया चैप्टर खोल दिया। कह दिया कि जनता सरकार के दौरान आयात खोला गया था । यह कहने की आवश्यकता क्या थी ? सीधा सवाल था। इनको लगा कि अगर मान लिया गया की चर्बी या सुअर की चर्बी देश में आ रही है तो सरकार की छवि को नुक्सान होगा । हमने राजनीतिक सवाल नहीं बनाया था । इन्होंने सवाल खड़ा कर दिया कि जनता सरकार के दौरान यह किया गया था जो कि असत्य है, गलत है। स्थिति यह है कि...(**व्यवधान**)....

आप अभी मंत्री नहीं बने हैं। मंत्री बनकर पहले आगे बैठ जाइये फिर जवाब दीजियेगा ।.. (**व्यवधान**) ..वही बताता हूं.... (**व्यवधान**) ....

श्रीमन्, मुझे बहन उषा मल्होत्रा जी को इस प्रकार लड़ता देखकर बड़ा दुःख होता है । मुझे उस शरीफ आदमी के ऊपर बड़ा भरोसा पैदा होता है । वह कितना बड़ा और सहनशील आदमी होगा, कितना शानदार होगा। अर्थात् मुझे भी श्री मल्होत्रा जी के ऊपर श्रद्धा उत्पन्न होती है, वह कितना शरीफ आदमी है जो कि हमारी इस बहन को बर्दाश्त किए हुए हैं... (**व्यवधान**)....

श्रीमन्, यह कहना कि जनता सरकार के दौरान यह किया गया, यह भी सरासर गलत है। तथ्य इसके बिल्कुल विपरीत हैं । हां ऐसी कुछ आइटम थे, जो बैन नहीं थे, न चैनालाइज थे और न रस्ट्रिक्टेड थे। ऐसी कुछ चीजों को छोड़ कर कहा गया था कि जो आइटम इस लिस्ट में नहीं हैं, वे ओ० जी० एल० आ सकते हैं। मान लिया यह नजरान्दाजी हो गई लेकिन श्रीमन्, गाय की चर्बी लाई कब गई ? यह कांग्रेस (आई) सरकार के दौरान लाई गई। जैन शुद्ध वनस्पति जिस संरक्षण के लिये आप खड़े होंगे, झा साहब खड़े हो चुके हैं..(**व्यवधान**) आज प्रश्नोत्तर काल के अन्दर खड़े हो चुके हैं, वे खड़े होंगे और हो सकता है कि इन्होंने आफिसरों और मंत्रियों के साथ मिलकर...(**व्यवधान**) ..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order please.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यह सवाल खड़ा किया गया क्योंकि गाय की चर्बी का नाम यहां सूची में अलग से नहीं लिखा गया हैं इसलिये हम इसका आयात कर सकते हैं। यह नया कानून या तरीका किसने निकाला और कहां से निकला ? आपकी सरकार के आफिसरों ने शुद्ध जैन वनस्पति के लोगों से मिलकर निकाला, दूसरे लोगों से मिलकर निकाला और मुझे संदेह है कि शायद इसमें हाथ खाली आफिसरों का ही नहीं है, ऊपर तक का भी है : ऊपर तक का भी है :... (**व्यवधान**)..... मैं साबित करूंगा यादव जी अभी साबित करूंगा।

श्री रामानन्द यादव (बिहार) : मैं साबित करूंगा कि आपने फ्लड गेट खोलकर, एक्सपोर्ट पालिसी को चैंज करके यह किया।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यादव जी बीच में खड़े हो गये। आदत है, उससे मजबूर हैं, क्या करें : लेकिन जब इन्होंने कहा है.. (**व्यवधान**)...

श्री रामानन्द यादव : आपको आदत ऐसे ही बकवास करने की है, अनर्गल बातें करने की है, अन-पार्लियामेंटरी बातें करने की है.. (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आंकड़े इस बात के सबूत हैं। जनता सरकार के दौरान कहीं मिलावट नहीं हुई। यद्यपि चर्बी उस समय इम्पोर्ट होती थी। उस समय तेल के दाम कम थे और चर्बी मंहगी थी, इसलिये चर्बी की मिलावट का सवाल ही खड़ा नहीं होता था और मिलावट की नहीं जाती थी। लेकिन कांग्रेस (आई) की सरकार आने के बाद तेल की कीमतें बढ़ गई और चर्बी सस्ती हो गई, इसलिये मिलावट आई। हां, जनता सरकार के वक्त चर्बी आती थी लेकिन उस समय मिलावट नहीं होती थी। इसलिये सवाल उसके इम्पोर्ट का नहीं है, उसके कानून का नहीं है। लेकिन आप इसे इम्पोर्ट का सवाल बना रहे हैं। सवाल चर्बी के दुरुपयोग करने का है। मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि अगर उनके पास कोई केस है कि जनता सरकार के दौरान चर्बी की मिलावट हुई थी तो उसको सामने रख दें। अगर होता तो पहले दिन ही रख देते। लेकिन कोई मामला है ही नहीं। क्योंकि चर्बी महंगी और तेल सस्ता था। लेकिन जब तेल महंगा हो गया और चर्बी सस्ती हो गई तो तथा-कथित ईमानदार लोगों ने सरकार के आफिसरों और मंत्रियों से मिलकर पैसा कमाना शुरू किया। जिसमें से एक करोड़ से अधिक रुपया पिछले चुनाव में कांग्रेस (आई) पार्टी को शुद्ध जैन वनस्पति ने दिया:... (**व्यवधान**)....

श्रीमती प्रतिभा सिंह (बिहार) : एकदम गलत आरोप है, बिल्कुल गलत आरोप है... (**व्यवधान**).....

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव आपको कैसे पता लगा कि गलत है.... (**व्यवधान**).....

1.00 p.m.

श्री रामानन्द यादव : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं साबित कर दूंगा (**व्यवधान**)।

श्रीमती उषा मल्होत्रा (हिमाचल प्रदेश) : जैन ट्यूब वाले (**व्यवधान**) इनकी सिस्टर कनसर्न हैं उन्होंने किया है आप जानते हैं इस बात को (**व्यवधान**) आपकी पार्टी के हैं (**व्यवधान**)।

श्री उपसभापति : यादव जी, आपका क्या प्वाइंट आफ आर्डर है?

श्री रामानन्द यादव : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर यह है कि हम लोग इस सदन में जिम्मेदार व्यक्ति हैं और जिम्मेदारी के साथ कोई एलीगेशन लगाते हैं और उन एलीगेशंस के बारे में हमारे रूल्ज एंड रेगुलेशंस हैं उसमें दिया हुआ है कि ऐसी बातें नहीं करनी चाहियें।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जैसी आप कर रहे हैं।

श्री रामानन्द यादव : जो डाकुमेंटरी नहीं, हैं सुनी सुनाई हैं, हीयर से हों उनके आधार पर एलीगेशन नहीं लगाने चाहियें। वह डाकुमेंटरी होनी चाहिये। किसी कोर्ट में एवीडेंस होना चाहिये, किसी के

पास कोई कागजात हो तो हम एलीगेशंस लगा सकते हैं । यह किताब है आप देख लीजिये । जहां हमने कोई स्टेटमेंट देना है कोई स्पीच देनी है, उसमें बिलकुल लिखा हुआ हैं (**व्यवधान**) बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ कोई एलीगेशन हम को लगाना है । क्योंकि माथुर साहब की हेबिट है कि वे गैर जिम्मेदाराना अनन्नसेसरी एलीगेशन लगाते हैं और वह उसको केपचर कर लेते हैं क्या इस पर कोई प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है या नहीं ? क्या किसी भी सदस्य को कुछ भी कहने का अधिकार है ? चाहे आपकी पार्टी हो या मेरी पार्टी हो बिना किसी डाकुमेंटरी एवीडेंस के या ओरल एवीडेंस कोर्ट में हुआ हो, क्या हम इस तरह से एलीगेशन लगा सकते हैं, इस पर मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं ।

श्री उपसभापति : यह बात ठीक है जब कोई माननीय सदस्य इस तरह की बातें किसी के सम्बन्ध में किसी पार्टी, किसी व्यक्ति के सम्बन्ध कहें तो जिम्मेदारी के साथ कहें और उनके पास कोई आधार भी कहने का होना चाहिये । केवल आरोप मात्र नहीं लगाना चाहिये । यह उचित नहीं है ।

श्रीमती उषा मल्होत्रा : मेरे पास हंस राज गुप्ता का यह डाकुमेंटरी प्रूफ है (**व्यवधान**) ।

श्री उपसभापति : जो विषय है उस पर कहें। The discussion will continue after lunch. सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

The House then adjourned for lunch at four minutes past one of the clock.

---

2 P.M.

The house reassembled after lunch at four minutes past two of the clock, **Mr. Deputy Chairman** in the Chair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Mathur.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : श्रीमन्, खाने के लिए छूटने से पहले मैं अपनी बात कह रहा था । श्रीमन्, मुख्य सवाल यह नहीं है कि गाय की या सुअर की चर्बी का कितना आयात हुआ है और किसने किया है, क्योंकि यह बहुत पहले से होता रहा है। लेकिन जैसा मैंने कहा कि मुख्य प्रश्न यह है कि उसका दुरुपयोग कहां, क्यों और किसने किया है ?

सरकार की जो एक प्रिय कम्पनी है, मैं उसका उल्लेख कर रहा था— जैन शुद्ध वनस्पति । जब मैंने यहां एक सच्ची बात कही कि उसने एक करोड़ रुपया कांग्रेस के फण्ड में दिया मेरे कुछ साथी बहुत नाराज हो गये थे ।

श्रीमन् मैं अपनी बात को सुधारना चाहता हूं । मुझे जानकारी मिली है कि एक करोड़ रूपया चुनाव के समय दिया गया था और पांच करोड़ अब दिया जा रहा है शुद्ध वनस्पति के इस मामले को दबाने के लिए । तो मैं अपनी बात का संशोधन कर रहा हूं ।

संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : झूठ बात है ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : झूठ नहीं है, आप मुंह मत खुलवाओ ।

श्री कल्पनाथ राय : इन का आरोप निराधार है ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप यह कहेंगे ही । (**व्यवधान**) मैं साबित करने को तैयार हूं । कांग्रेस (आई) के एकाउन्ट्स और शुद्ध वनस्पति के एकाउन्ट्स आडिट करने का अधिकार दे दें तो हम साबित कर देंगे ।

श्री रामानन्द यादव : यही जिम्मेवार ढंग से बात करने का तरीका है ?

[श्री रामानन्द यादव]

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप की प्रधान मंत्री इस सदन में कह कर जाती हैं कि बी० जे० पी० वाले राष्ट्रीय झंडे का अपमान करते हैं इस से बड़ा झूठ क्या हो सकता है। आज से दो साल पहले इसी सदन में उन्होंने कहा था। उन्होंने इतना बड़ा आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय झंडे का सम्मान नहीं करते बी० जे० पी० वाले। वह आरोप इस से बड़ा है। आप लोग तो इतनी बड़ी और गैर जिम्मेदारी की बात करते हैं। **(व्यवधान)** मैं सच कह रहा हूं कि कांग्रेस को पैसा दिया गया।

श्री **उपसभापति** : जरा रुकिये।

श्री **सैयद रहमत अली** (आन्ध्र प्रदेश) : जब मोहतरिम माथुर साहब ने लंच से पहले इस मसले को उठाया था तो यादव जी की तरफ से रूलिंग चाही गयी थी और आप ने रूलिंग दी है। अगर उस के बाद भी माथुर साहब दोबारा जिक्र करते हैं तो मैं समझता हूं कि यह कायदे और कानून के खिलाफ बात होगी। आप उन को यह दोहराने की मेहरबानी कर के इजाजत न दें।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं दोहराऊंगा नहीं कि कांग्रेस को पैसा दिया गया।

श्री उपसभापति : जो विषय है उस पर आइये, आप सारा समय बरबाद कर रहे हैं।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यह सच्ची बात है जो जगह जगह कही जाती है और इस का सबूत है। मुझे मंत्री महोदय श्री झा साहब ने स्वीकार किया है और दूसरे मंत्री महोदय ने भी कहा कि शुद्ध वनस्पति वालों ने अनआथराइज्ड रूप से चर्बी इम्पोर्ट की है और उस के खिलाफ कस्टम्स की दृष्टि से कानूनी कार्यवाही की गयी है। यह इन्होंने माना है। मैं उस जजमेंट से कोट कर रहा हूं जिस का हवाला प्रश्नोत्तर काल में श्री आडवाणी जी ने दिया था। कोर्ट कहता है :

"'The material on the basis of which the above statement has been made has not been disclosed to the detenue. The documents placed on the record show that about 17,000 tonne* of beef tallow were imported against a. licence. There were objections to the legality of the import. The Collector of Customs by an order dated 24thi May, '83, (Ann. E) confiscated the goods but had given the importer the option to pay the fine mentioned therein in lieu of confiscation and clear the goods for. home consumption."

यानी कोर्ट यह कहता हैं कि जो माल पकड़ा गया उस के पकड़े जाने पर उस को कहा गया कि तुम फाइन दे कर माल छुड़ा सकते हो। आगे कोर्ट कहता है :

"About 7,000 tonnes of beef tallow was cleared on payment of fine **and** part of it was sold by the petitioner to Manoj Containers."'

फाइन देकर बीफ टेलो छुड़ा लिया गया और कोर्ट के अनुसार इस में से कुछ हिस्सा पंजाब के मनोज कन्टेनर्स को दिया गया। यह रिकार्ड में है। सवाल यह है कि शुद्ध वनस्पति स्वयं कन्ज्यूमर नहीं रहा, उसने चर्बी बेची है, कोर्ट के सामने भी यह विषय आया है मैं पूछना चाहता हूं मंत्री महोदय से कि फिर आप ने उन के खिलाफ इस बारे में कार्यवाही क्यों नहीं की। आप ने माल पकड़ा। माल पकड़ने के बाद फाइन दे कर छुड़वा दिया, माल छूट कर आ गया तो वह आदमी उसे आगे बेचता है और आप कहते हैं कि उस का लाइसेंस कैसे कैंसिल कर दें। क्यों नहीं कर सकते।

एक जुर्म नहीं है, दसियों जुर्म इस कम्पनी के खिलाफ हैं । आप का स्टेटमेंट है मेरे सामने :

"According to the record of facts placed before the Singapore court, the conspiracy was allegedly hatched by Shri R. K. Jain, Shri B. K. Jain, who own large groups of companies in India, namely Jain Shudh Vanaspati Ltd. and Jain Exports Pvt. Ltd."

यह सिंगापुर के कोर्ट में साबित हुआ है कि इन लोगों ने जालसाजी द्वारा जाली माल भेज कर जहाज को डुबो दिया।

It is a fact.

सरकार ने खुद कहा है कि सी बी आई इस की जांच करेगी । इस कम्पनी पर और भी चार्ज हैं । पंजाब सिंध बैंक के बारे में लोक सभा में सवाल किया गया और वित्त मंत्री जी ने जवाब में कहा कि पूरी बता नहीं सकते ।

वाणिज्य और पूर्ति विभाग मंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह) : मैं हर एक बात का जवाब दूंगा ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : पंजाब सिंध बैंक के साथ क्या किया गया । फाइनेंस मिनिस्टर का जवाब है उन्होंने कहा कि वे उस बात को खोल नहीं सकते । पंजाब सिंध बैंक का मामला यह है कि शुद्ध वनस्पति वालों का लेटर आफ क्रेडिट था 588.83 लाख का और यूजेन्स बिल्स ड्रान था 1361.62 लाख का और उन की कुल संपत्ति कितनी है ? कुछ लाख की लेकिन उन को पैसा कितना मिला है ? 25 करोड़ सारे कायदे कानून तोड़ने के बाद पंजाब सिंध बैंक जो कि गवर्नमेंट का बैंक है उस ने 25 करोड़ रुपया इन की दो कंपनियों को दिया जितनी उन की कुल लागत है उस से चौगुना उन को दिया है । यह केवल इन दो कंपनियों को पैसा देने मात्र का ही सवाल नहीं है । यह बैंक के साथ फ्राड है, सारे देश के साथ फ्राड है । उस के बाद भी आप कह रहे हैं कि हम इसी शुद्ध वनस्पति कंपनी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर सकते । सवाल सीधा है कि कहीं न कहीं इस दलाली में सरकारी दल के हाथ काले हैं । इसलिये श्रीमन, मेरा कहना है कि सवाल इतना छोटा नहीं है । सवाल यह है कि क्या आप अपने दल के स्वार्थ के लिये, केवल सरकार के बचाव के लिये या कुछ अफसरों के व्यक्तिगत स्वार्थ के लिये हिन्दुस्तान के हिन्दु मुसलमानों की भावनाओं से खेलना चाहते हैं ? अगर खेलना चाहते हैं तो यह अच्छा नहीं होगा । हरगिज अच्छा नहीं होगा । आप को इस सवाल पर ईमानदारी से राजनीति से ऊपर उठ कर सदन को आश्वासन देना चाहिए कि जो चाहे कंपनी हो, गड़बड़ी करने वाले को हम सजा देंगे और कड़ाई के साथ सजा देंगे । बजाय अपने या अपने दल के स्वार्थ और हित को देखने के । अगर आप ईमानदारी से काम ऐसा करेंगे तो इस मामले में हम आप के साथ होंगे ।

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, . . .

श्री उपसभापति : आप का नाम है । इस में सब बोलेंगे ।

श्रीमती उषा मल्होत्रा : जिन समय माथुर साहब अपनी बात कह रहे थे तो मैंने डाकूमेंट पेश करने की बात कही थी कि क्या कोई ऐसे कागज हैं कि जिन के आधार पर वे साबित कर सकें कि यह गलत काम हुआ है । मेरे पास एक डाकूमेंट है जो मैं आप के सामने

[श्रीमती ऊषा मल्होत्रा]

पेश करना चाहती हूं । इस में हंसराज गुप्त जी हैं ...

श्री रामेश्वर सिंह : जब आप बोलियेगा तो उस को रखियेगा ।

श्रीमती उषा मल्होत्रा : आप हमारी बात सुनना नहीं चाहते । वे इस के संचालक हैं और इन का यह सिस्टर कंसर्न है जिन्होंने यह इपोर्ट किया है बोफ टैलो और एनीमल टैलो और उन्होंने किसी अनलाइसेंस्ड मेन्युफैक्चरर को दिया है । अब वह बतलायें कि यह कौन है ? एक बात और सुनिये । यह किस पार्टी को बिलांग करते हैं ? जनता सरकार को । क्या यह उस वक्त कायम नहीं हुई ? क्या उन को इजाजत नहीं दी गयी कि इस को वे बाहर से मंगायें ? हंसराज गुप्त और दूसरे जो हैं क्या उन्होंने अपने ओहदे को मिसयूज नहीं किया है और उस के बाद इसको अनलाइसेंस्ड मैन्यूफैक्चरर को नहीं दे दिया ? क्या उन्होंने ऐसा कर के धोखा नहीं दिया है... (**व्यवधान**) मैं एक बात और कहना चाहती हूं कि सरकार ने जो कदम उठाये हैं (**व्यवधान**) आप जिस चीज को इतना लम्बा खींचने जा रहे हैं और जिस की वजह से वनस्पति का उत्पादन बंद कराने जा रहे हैं तो ऐसा होने पर गरीब आदमी खायेगा क्या ? हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह ऐसा कदम उठाये कि जिस के कारण शुद्ध वनस्पति तो बनता रहे और ऐसे स्ट्रिंजेंट मेसजर्स लिये जायें जिस से मिलावट बंद हो । (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : उन्होंने हंसराज गुप्त का नाम लिया है (**व्यवधान**)

श्रीमती ऊषा मल्होत्रा : विदेश में जायेंगे तो क्या साबुन और तौलिया साथ ले कर जायेंगे ? तौलिया भी तो इसी से धुलता है । किसका क्या करोगे आप ? वह आज इसी साबुन से धुले हुए हैं । ....(**व्यवधान**)

श्रीमती मौनिका दास (कर्नाटक) : 500 करोड़ रुपया किसने खाया ? आप ने उसका हिसाब दिया ? कोई हिसाब नहीं आया । ....(**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : आप लोग बैठिये, बस हो गया ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : ऊषा बहन ने लाला हंसराज का नाम लिया है । लेकिन इन्होंने उस कंपनी का नाम नहीं लिया जिनके वह हैं । वह कंपनी जैन शुद्ध वनस्पति कंपनी है । ... (**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : अब हो गया । श्री रामानन्द यादव जी को बोलने दीजिए । आप बहुत कह चुके हैं । आप बैठ जाइये ।...(**व्यवधान**)

श्रीमती मौनिका दास : गवर्नमेंट को फेल करने के लिए ये ऐसा कह रहे हैं ।

श्री उपसभापति : आपका जब टर्न आयेगा तब आप बोलिये ।...(**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : लाला हंसराज जी का नाम लिया है और इन्होंने यह दिखाया है जैसे लाला हंसराज जी कोई अलग कम्पनी हैं । लाला हंसराज जी 1975 तक जैन शुद्ध वनस्पति से संबंधित थे । 1975 में वह अलग हो गये थे उन्होंने कंपनी से अपना सम्बन्ध छोड़ दिया है । इसलिए लाला जी के प्रति यह कहना बिलकुल गलत है और जैन शुद्ध वनस्पति उद्योग के लिए मैंने जो चार्ज लगाया है वही सच है । (**व्यवधान**)

श्री उपसभापति : बस हो गया, श्री रामानन्द यादव ।

श्री रामानन्द यादव : मान्यवर, मुझे हिन्दी की एक कहावत याद आ रही है । एक मुहावरा है—उल्टा चोर कोतवाल को डांटे । यह मुहावरा बड़ा मशहूर है । ये क्लप्रिट्स, गुनहगार लोग जनता को गुमराह करने के लिए ऐसा कह रहे हैं । इन लोगों ने सब से पहले इस प्रश्न को उठाया और उल्टे यह कह रहे हैं कि हमारे कामर्स मंत्री ने इसे उठाया।

[उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) पीठासीन हुए]

श्रीमन् इनके नेता अटल बिहारी वाजपेयी और श्री चरण सिंह जिन लोगों का आजकल एक अनहोली अलायेंस हो गया है, ऐसा मैंने कभी नहीं देखा, यह अलायेंस करके दोनों एक मुंह लगाकर एक शब्द यह कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी ने गाय की चर्बी का आयात शुरू किया ।

मान्यवर, यह बात सही है कि हर तरह की एनीमल चर्बी का आयात देश में होता था लेकिन यह कैनेलाइज था । अपने देश में यूजर्स के लिए और स्ट्रिक्टली फोलो होता था और लाइसेंस को ऐक्जोक्यूट करने में और साथ ही उसके यूज में कुछ नियम थे । लेकिन जैसे ही जनता पार्टी आई, जनता पार्टी के वरिष्ठ हकदार, जनसंघ के बैठे हुए हमारे साथी माथुर साहब जो भी अनगॅल बातें कर गये और उनके दूसरे पार्टनर-रामेश्वर सिंह जी, जो यहां बैठे हुए हैं, लगातार लोक दल के, आजकल इनके साथ हनीमून कर लिये हैं, गठबंधन कर लिए हैं ।.....

श्री रामेश्वर सिंह : आपको क्या परेशानी है ? (**व्यवधान**)

श्री रामानन्द यादव : हमको परेशानी कुछ नहीं है । हम कहते हैं कि यह अनहौली मैरिज नहीं चलेगी, तलाक जल्दी होने वाला है ।

मान्यवर, इन लोगों ने पी० सी० अलेक्जेंडर कमेटी बनाई । पी० सी० एलेक्जेंडर कमेटी जनता पार्टी रिजिम में उनके केबिनेट डिसिजन से बनी । यह 1977 में बनी । किस लिये बनी ? यह इसलिए बनी कि इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट की जो पालिसी है इसका स्ट्रक्चर रिवाइज किया जाए । इसकी फंक्शनिंग ठीक की जाए, इम्पोर्ट के ऊपर विचार किया जाए कि कहीं गड़बड़ है या नहीं । पी० सी० एलेक्जेंडर ने 1978 में अपनी रिपोर्ट सब्मिट की और उस रिपोर्ट में इम्पोर्ट की जो आइटम्स हैं उनको विभाजित किया । एक परमिसिबल किया, एक बैन किया है और एक केनालाइज किया । हर तरह के टैलो का आयात इस देश में कैनालाइज तरीके से होता था । वह एक्चुअल यूजर्स को दिया जाता था । जो आइटम्स परमिसिबल में, बैन में या केनालाइज में नहीं थी वे ओपन जनरल लाइसेंस में हो गई । इनके भूतपूर्व कामर्स मिनिस्टर धारिया साहब ने खुद स्वीकार किया है कि ये आइटम्स ओपन जनरल लाइसेंस में आ गई । अब फ्री हो गई । ये आइटम न तो परमिसिबल में रहीं, न बैन रही और न केनालाइज में रही । उसको अगर माथुर साहब चाहते तो वह भी इम्पोर्ट कर सकते थे। इस चर्बी की आइटम को निकाल कर एनीमल टैलो को निकाल कर, नाइदर परमिसिबल, नार बैन, नार कैनालाइज

[श्री रामानन्द यादव]

इन तीनों के अंदर न रख कर इन गुनाहगार लोगों ने फ्लड गेट खोल दिया । कोई भी आदमी उस चर्बी को आयात कर सकता था ।

SHR1 A. G. KULKARNI (Maharashtra): Yadavji, I don't want to take part but I only want to inform you that Open General Licence is also for actual users. Actual users require licence but not Open General Licence. That was a liberalised procedure which your Government also is following. Don't talk something which is wrong. You do no^ know what you are talking.

SHRI SAT PAUL M1TTAL (Punjab): He does not require a certificate from you.

SHRIMATI USHA MALHOTRA: Mr. KuAkarnfi... *(Interruptions')* ...

SHRI A. G. KULKARNI; Madam, I am not a bachelor like Mr. Mathur to report. Otherwise I would .... *(Interruptions)* ...

SHRI RAMANAND YADAV: You are a super democrat. You hear me. I know your weakness. You are partners of the Janata group. *.(Interruptions)*

श्री रामानन्द यादव : उसी के मातहत फरदर धारिया साहब कहते हैं. . .

श्री अरविंद गणेश कुलकर्णी : आप किसान हैं । आप अलग सब्जेक्ट पर बात कर रहे हैं । आप किसानों की बात करिये ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : कुलकर्णी साहब आपका नाम भी है ।

श्री रामानन्द यादव : यह मेरा समय ले रहे हैं । यह मेरे समय में शामिल नहीं होना चाहिये । धारिया जी ने अपनी स्टेटमेंट में कहा है....

श्री अरविंद गणेश कुलकर्णी : धारिया साहब की स्टेटमेंट मेरे पास है। उसमें लिखा है इट इज फार एक्चुअल यूजर्स. If you don't know, you please read it.

SHRI RAMANAND YADAV: I have got the statement. If you like, I will show you what he has said. उन्होंने कहा है कि किसी वनस्पति कम्पनी ने चर्बी का आयात नहीं किया । लेकिन धारिया साहब के रिजिम में जितने गुनाहगार लोग जनता पार्टी के ओल्ड डिफेक्टर्स , हू वेट देयर, गवर्नमेंट बनाई, उस गवर्नमेंट के लोगों ने 25 हजार टन बीफ टैलो इम्पोर्ट किया इस देश में । यह रिकार्ड में है । जनता पार्टी के रिजिम में जब धारिया साहब कामर्स मिनिस्टर थे तो 25 हजार टन बीफ टैला इस देश में इम्पोर्ट हुआ। अगर धारिया साहब के कथनानुसार यह चर्बी वनस्पति कम्पनियों ने यूज नहीं की तो दूसरे लोगों ने तो की होगी। इसलिये जब आप लोग गवर्नमेंट में थे तो क्या आप सोये हुये थे ? आज आप गो-भक्त बनते हो क्योंकि आपको मालूम है कि चुनाव आ रहा है, पालियामेन्ट का चुनाव नजदीक है, इसलिये आपने समझा कि यह गोला भी मिल गया। इस इशू को आपने उठा दिया । धारिया बेचारे आनेस्ट आदमी हैं। वह स्वयं स्वीकार करते हैं कि चर्बी मंगाना कोई गुनाह नहीं है । लेकिन मैं आप गुनाहगारों से पूछना चाहता हूं कि आप उस वक्त गवर्नमेंट के पार्ट एण्ड पार्सल थे, आपने इसको क्यों बैन क्यों नहीं किया ? हमारी सरकार को जब मालूम हुआ कि इसकी मिलावट होती है तो श्री विश्वनाथ

प्रताप सिंह जी ने सब प्रकार की एनीमल चर्बी को बैन कर दिया। आपको उनको धन्यवाद देना चाहिए था। लेकिन आप में कोई लाज-शर्म नहीं है। अरे निर्लज्ज लोगों! तुमने अपनी सरकार बनाई, तीन वर्ष तक आप शासन में रहे, आपने, जनता सरकार ने, 25 हजार टन गाय का चर्बी इस देश में मंगाई। आपने इसको बैन नहीं किया। मैं पूंछना चाहता हूं कि आपने इसको बैन क्यों नहीं किया? क्या आप में कोई लाज-शर्म या इज्जत है? लोक सभा में जब यह प्रश्न उठा तो श्री अटल बिहारी वाजपेयी और श्री चरण सिंह ने सोचा कि अब क्या करना चाहिये दोनों ने मन्त्रणा की और सोचा कि अडलट्रेशन का इशू उठाया जाये। इम्पोर्ट का इशू छोड़ दिया जाये। मैं पूछना चाहता हूं कि जब आप शासन में थे तो आपने यह अडलट्रेशन का इशू क्यों नहीं उठाया? अगर आप कहते हैं कि आपके टाइम में अडलट्रेशन नहीं होता था तो इसका मतलब यह है कि आप इस देश के पूंजीपतियों से मिले हुये थे। जो लोग टैलो मंगाते थे, आपने उनका रेड नहीं किया, उनको छानबीन नहीं की। चर्बी मंगाने वाले आपसे मिले हुये थे। इसलिये आपके सामने इस तरह के केसेज नहीं आए। लेकिन हमारी सरकार ने 90 फैक्ट्रियों के चार हजार के करीब सेम्पल लेकर उनकी जांच करवाई। उनका रिजल्ट आपके सामने माननीय मन्त्री जी रख चुके हैं। लेकिन आपमें कोई लाज-शर्म हो नहीं है। कांग्रेस सरकार ने फैक्ट्रियों में रेड किया है और प्रोसिक्यूशन भी शुरू कर दिया है। आपने 25 हजार टन गाय की चर्बी मंगाई, लेकिन किसी के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया क्योंकि आप पूंजीपतियों से मिले हुये थे। वनस्पति कम्पनियों के अलावा भी दूसरी कम्पनियां हैं जो इसका दुरुपयोग कर सकती थी। कुछ कम्पनियां साबुन आदि के लिये इसको मंगाती हैं। लेकिन आपने इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की। आपने गाय की चर्बी को देश में आने से रोका नहीं, क्योंकि आपमें मिली-भगत थी। मैं जनता पार्टी की सरकार को बनियों की सरकार कहता हूं। व्यापारियों की सरकार ने, जनता पार्टी की सरकार ने इसको बैन नहीं किया। लेकिन आज आप वोट क्लब में चले जाते हैं और इस तरह का स्वांग करते हैं। वोट क्लब में गये, दोनों एक साथ मिलकर स्वांग रचने लगे। लेकिन इस देश की जनता प्रबुद्ध हो गई है, समझदार हो गयी है। वह जानती है कि असल गुनाहगार आप हैं। आप ने अगर 1978 में अपनी इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट पालिसी रिव्यू नहीं की होती और यह फ्लड गेट न खोला होता और ऐसे आइटमों को उसमें से निकाल कर ओपन आइटम के अन्दर नहीं रखते तो शायद ये चीजें नही होती। हमारे समय में भी आता था लेकिन वह एक्चुअल यूजर्स जो थे वही लेते थे, पूरी निगरानी रखी जाती थी कि कौन लेता है और उसका किस प्रकार प्रयोग किया जाता है, इसकी पूरी देखभाल होती थी, उस पर कन्ट्रोल था। आपने फ्री कर दिया और इस देश के पूंजीपतियों के करोड़ों रुपये आपने बनवाये। जो यह रुपया बना है इसकी जिम्मेदारी आप की है, जिसका आप उदाहरण दे रहे हैं। मैं एक बात आपसे पूछना चाहता हूं कि यह शुद्ध जो वनस्पति कम्पनी है क्या इसकी सब्सिडियरी जनता सरकार नहीं थी, क्या श्री हंसराज गुप्ता इसके डाइरेक्टर नहीं थे? अभी-अभी जो एक बड़ी बिल्डिंग में आग लगी क्या आपके लोग उसके डाइरेक्टर नहीं थे? जहां कि गुनाह करने वाले लोग हैं, आपकी इस तरह की जो बड़ी-बड़ी कम्पनियां हैं, उनमें सब आपके लोग हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या उससे श्री

[श्री रामानन्द यादव]

हंसराज गुप्ता का सम्बन्ध नहीं था ? उन्होंने अभी कहा कि रिजायन कर दिया। रिजाइन कर दिया तो यह तथाकथित किया गया होगा, बेटा हो गया होगा, जिसका पता नहीं है, उनके बदले उनका बेटा बैठ गया होगा, उनकी स्त्री हो गई होगी उनके दूसरे लोग हो गये होंगे... (व्यवधान)...मान्यवर, ...(व्यवधान)... आप देखिये पंजाब गवर्नमेंट, जो कि हमारी पार्टी की गवर्नमेंट है उसने यह कार्य किया। इन लोगों ने हमारी नौ स्टेट गवर्नमेंट्स को खत्म किया और जब ये इन राज्यों में सत्ता में आये तो इन सब स्टेटों में जनसंघ के आदमी जो कि गौ-भक्त हैं वह भी इनके साथ थे। लेकिन जब गाय बूढ़ी हो जायेगी तो ये सबसे पहले उसको खोल देंगे, उस को फ्री छोड़ देंगे, फेंक देंगे, घर से निकाल देंगे। जब वह बूढ़ी हो जायेगी, दूध नहीं देगी तो ये बेईमान लोग उसको कहां भिजवा देंगे, कसाई खाने में। इसके बावजूद भी ये लोग आज गाय की चर्बी का हल्ला चुनाव को मददेनजर रखते हुये कर रहे हैं। वह आज यह भी चर्चा करते हैं इस पर ही 1957 का विद्रोह हुआ था। लेकिन आज हिन्दू और मुसलमान, दोनों इतने समझदार हो गये है कि इसका उन पर कोई असर नहीं है। ये समझते हैं कि ऐसी बात नहीं है, यह 1957 वाली बात नहीं है। आज 1983 है, गांव गांव के लोग समझ गये हैं कि असल बात क्या है। आपने इस पर बैन नहीं लगाया। हमारी पंजाब सरकार ने, दरबारा सिंह की सरकार ने रेड किया और कम्पनियों को पकड़ा और उनके ऊपर हर तरीके से प्रोसीक्यूशन को तैयार कर रहे हैं, जांच कर रहे हैं। लेकिन आप तीन वर्षों तक बैठे रहे। इतनी चर्बी यहां आई और एक बार भी आपने ऐक्शन नहीं लिया। क्या आपके आंखों में पट्टी बंधी हुई थी ? मैं यह नहीं कहना चाहता कि आप पैसा लेकर चुपचाप बैठे रहे। मैं यही कहूंगा कि आप उनके दलाल हैं। आप इस देश के पूंजीपतियों के दलाल हैं और उन्हीं की वजह से यह सब आप कार्यवाही कर रहे हैं। यह भी सम्भव है कि आप चाहते हों कि हमारा व्यापार ठप्प पड़े और तेल का क्राइसेस इस देश में पैदा हो और वनस्पति का उत्पादन न हो। आप यह भी चाहते हैं, किसी खास कम्पनी से, हो सकता है कि आप इन्टरेस्टेड हों कि अमेरिका से रेपसीड मंगाया जाये। अमेरिका से इन्टरेस्टेड होकर हो सकता है कि आप यह बात कर रहें हों ताकि वहां से रेपसीड आयल मंगाया जाय। यह भी बात है कि बड़ी जो फारेन पावर्स हैं... (व्यवधान)..

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK (Orissa): When is the hon. Member addressing? (*Interruptions*)

On a point of order. He should address the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): Please resume your seat. Don't interrupt.

श्री रामानन्द यादव : मान्यवर, अमरीका इकोनोमिक लड़ाई लड़ने में बड़ा सक्षम है। यह अमरीका के आजकल पिटठू बने हुये हैं। जो अमरीका कहेगा यह वही कहेंगे। अमरीका कहेगा हुआ तो यह कहेंगे हुआ और अमरीका कहेगा धुआं तो यह कहेंगे धुआं। मान्यवर, सम्भव है कि हमारी जो वनस्पति की इंडस्ट्री है उसको नेस्तोनाबद्ध करने का गेम अमरीका खेल रहा है ताकि यहां लोग वनस्पति न खरीदें और फैक्टरीज बन्द हो जायें जिससे इनका बाहर से रेपसीड आयल मंगाना पड़े और अमरीका से मंगवायें और उसमें हमारा फारेन एक्सचेंज भी खर्च हो। यह तो अमरीका के दलाल का काम कर भी

सकते हैं । मन्त्री जी ने तो अपनी बातें सभी कह दी हैं मान्यवर, म अब कुछ क्लेरीफिकेशंस उनसे पूछना चाहता हूं ।

श्री रामेश्वर सिंह : अब आपके पास बोलने के लिये कुछ नहीं है । आप बैठ जाइये ।

श्री रामानन्द यादव : मेरे 10 प्रश्न हैं । मैं इन पर मन्त्री जी से क्लेरीफिकेशंस पूछना चाहता हूं । मन्त्री जी इनको स्पष्ट करें । मेरा पहला क्लेरीफिकेशन यह है—

(1) Whether it is a fact that thousands of tonnes of beef tallow were imported under Open General Licence, not necessarily by actual users?

श्री आर० आर० मोरारका (राजस्थान): हिन्दी में बोलिये । (**व्यवधान**)

श्री रामेश्वर सिंह : आप अंग्रेजी नहीं जानते हैं तो अंग्रेजी में क्यों बोलते हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : आप उनकी बात को सुनिये । अगर समझ में नहीं आ रही तो ट्रांसलेशन सुन लीजिये ।

SHRI RAMANAND YADAV.

(2) Whether it i's a fact that the Janata Government appointed the P. C. Alexander Committee in 1977 to review the structure and function of the import policy?

(3) Whether it is a fact that the Committee recommended the listing of import items under three major heads, "Permissible", "Banned", and "Canalised", and left beef tallow under Open General Licence?

(4) Whether the items not listed and classified under "Permissible", "Banned", and "Canalised" come under OGL?

(5) Whether the new Import Policy of 1978 and 1979 of the Janata Government removed all fetters on the import of beef tallow in the country?

(6) Whether it i_s a fact that all the Janata Government Ministers lenow that beef tallow was imported during their time, nearly 25,000 tonnes, they did not ban it? Why did they not ban it? They did not ban it in spite of the fact that they knew fully well that 25,000 tonnes of beef tollow was imported during the Janata regime.

श्री रामेश्वर सिंह : कहिये तो मैं आपको किताब दे दूं, रामानन्द जी ।

SHRI RAMANAND YADAV: Next question.

(7) Whether it is a fact that beef and other animal tallow separaieFout from vegetable oil and tallow gives out~a strong edour arnd smell, ^rfcrrr fa^l^ «CT

(8) Whether it is a fact that the Opposition parties, the alliance of Lok Dal and BJP, are playing in the hands of Americans to propogate against vanaspati production in th_e country so that in large quantities the Government might be forced to import rapeseed from America, and create unrest and problems in this country?

(9) Whether it is a fact that one of the big leaders of the Jan Sangh, Shri Hans Raj Gupta, is a director ot one of the subsidiaries of the Shudh Vanaspati Ghee and how he has ceased fo be so and his benami, -his wife or daughter or son—anyone of these—is on the board of directors of the company?

(10) Whether it is a fact that all the adulterators. of foodgrains are the friends and supporters of the Jan Sangh-Lok Dal alliance in the country?

श्री रामानन्द यादव: लास्ट क्वेश्चन सुन लीजिए । जरा सुन लीजिए । आप तो इसे इसेन्शल कमाडिटी में रखा नहीं है।

[श्री रामानन्द यादव]

उपसभाध्यक्ष (श्री संयद रहमत अली): आप उन्हें छोड़िये, अपना क्वेश्चन रखिये।

श्री रामानन्द यादव: जनता गवर्नमेंट ने तो वनस्पति को इसेन्शल कमाडिटी में नहीं रखा है। इसलिए नहीं रखा कि वनस्पति को इसेन्शल कमाडिटी में रख देते, तो इनके अपने लाग इकेक्ट हो जाते, क्योंकि सब वनस्पति मैनुफेक्चरर्ज जो थे इनके गाढ़े दोस्त थे। इनकी इलेक्शन में मदद करते थे और हर तरह से इनकी मदद करते थे। सम्भव है कि पैसे से मदद करते हों, वोट से करते हों, जैसे भी हो करते थे। क्या यह बात सही है?

(11) Whether the Government will place vansapati under the Essential Commodities Act?

इसलिए कि यह वनस्पति के पैदा करने वाले लोग अनफैटर्ड ढंग से इसकी प्राइस को बढ़ा देते है जिससे आम जनता उससे फायदा नहीं उठा पाती है और वनस्पति का भाव बढ़ता जा रहा है और गुनाह करने का रास्ता खुल जाता है।

इसलिए क्या सरकार वनस्पति को इसेन्शल कमाडिटी के अन्दर ला कर के जो अनस्क्रूपलस एजेंटस है, जो सम्भावना है कि वह मिला सकते हैं, इसको रोक सकें, क्या सरकार इस पर विचार करेगी?

क्या सरकार यह महसूस करती है कि यह पोलिटिकल एलाइन्स जो हैं, पोलिटिकल वैपन्स बना रहा है, जिसे सरकार को अपने प्रचार के यन्त्र के द्वारा इसका खण्डन करना चाहिए कि असली गुनाहगार ये लोग है, इनके समय में जितना बीफटैलो आया है, उस सब का काफी रूप से प्रचार किया जाए। क्या सरकार अपनी मशीनरी द्वारा लोगों को अवगत कराने की कोशिश करेगी?

श्री लाडली मोहन निगम (मध्य प्रदेश): श्रीमन, एक ऐसी चीज पर बहस हो रही है जिस पर हिन्दुस्तान में करीब-करीब आवाम के हर शख्स को कुछ न कुछ सोचने के लिए मजबूर कर दिया है, वरना मुझ जैसे लोग इस बहस में हिस्सा नहीं लेते।

मैं कुछ चीजें, मन्त्री महोदय से, सिर्फ अपनी जानकारी ही नहीं, बल्कि ज्ञान के लिए भी चाहूंगा। एक बात तो मुझे कहने में कुछ गुरेज नहीं है कि यह चर्बी का आयात तो पता नहीं कब से हो रहा है, शायद मन्त्री जी को भी मालूम हो कि यह आयात-निर्यात का व्यापार ही दामों की उथल कूद जैसे हिन्दुस्तान में होता है, उसके ऊपर आधारित रहता है। आन्तरिक चीजों के दाम जब बेतहाशा बढ़ने लगते है, बाहर की चीजों का, जिन्सों का आयात बढ़ जाया करता है। मैं किसी पर व्यक्तिगत आरोप अभी नहीं लगा रहा हूं। यह बात जरूर है कि जो आरोप जनता सरकार पर लगाये गये उस की मैं कोशिश करूंगा कि आप सब को सफाई दे सकूं। मैं एक चीज बहुत ईमानदाराना तरीके से कहना चाहता हूं और वह यह है कि आज वनस्पति में इस का इस्तेमाल हुआ, लेकिन शायद माननीय मन्त्री जी को मालूम नहीं कि इस चर्बी का इस्तेमाल कपड़े पर भी होता है, कपड़े की साइजिंग के लिए किया जाता है बड़े पैमाने पर। आप ने चर्बी का आयात रोकने का एलान किया तो मुझे लगता है कि आप कहीं न कहीं घबरा गये हैं कि इस से वोट टूटेगा वरना बन्द करने का मतलब क्या था। कभी ज्यादा आता था, कभी कम आता था। मैं एक ही उदाहरण इस के बारे में देना चाहता हूं और अगर मेरी बात गलत हो तो मन्त्री जी को हक है कि उस की सफाई कर दें। मैं ज्यादा लम्बाई में न जा कर हिन्दुस्तान में जब से जानवरों की चरबी का आयात शुरू हुआ, पिछले पन्द्रह वर्ष के आकड़ों के हिसाब से कह रहा हूं। मेरे पास जो आंकड़े है वह सन 1966 से हैं। मेरे पास एक ग्राफ है, उस के तहत बता रहा

हूं, सब से ज्यादा चर्बी का आयात पहले दौर में 68 में हुआ : 68 में मैं समझता हूं कोई राजनीतिक बुद्धकूफ ही कहेगा कि हिन्दुस्तानमें जनता पार्टी की सरकार थी। तब करीब-करीब 130 हजार टन का आयात हुआ उस के बाद 70 में करीब करीब 100 हजार टन का हुआ। 72 में करीब-करीब 110 हजार टन का हुआ। जनता पार्टी बरसरे इक्तदार आयी है 77 में, 78 में —78 से 80 के दौरान जनता पार्टी का समय कहा जा सकता है। आयात हुआ 60 हजार टन का। अगर आंकड़े गलत हों तो बता दीजिये, मैं करीब करीब बता रहा हूं, 60 का 62 हो सकता है, 58 हो सकता है।

श्री रामानन्द यादव : जो लाइसेंस जनता पार्टी की रेजीम में दिये गये (**व्यवधान**)

श्री लाडली मोहन निगम : पूरी बात सुनो।

श्री रामानन्द यादव : लेकिन यह बात मत भूलिये कि जनता पार्टी ने जो लाइसेंस दिये थे उसी से आज भी मंगा रहे हैं।

श्री लाडली मोहन निगम : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बुद्धिहीनता को क्या कहूं। 72 के लाइसेंस से 77 में कोई नहीं मंगायेगा। रामानन्द जी मैं आप की इज्जत करता हूं, सुना करो। मुझे इस बात का फक्र है कि सन 80 में हिन्दुस्तान में इस का सब से कम आयात हुआ, करीब वह हुआ है 15 हजार टन। अब आप यह भी कह सकते हैं कि क्यों कम हुआ या ज्यादा हुआ। जैसा मैंने शुरू में कहा था, जब हिन्दुस्तान में तेल के दाम, जिस का इस्तेमाल दूसरी चीजों में भी होता है, साबुन बनाने के काम में होता है, बीसीयों चीजों में होता है, जब उन के दाम बिलकुल नीचे हो गये तो स्वाभाविक था कि आयात कम हो जाय। जब 21 रुपये किलो का तेल हिन्दुस्तान में 8 रुपये, 9 रुपये बिकने लगे तो कौन इस को मंगायेगा। मैं व्यापार मन्त्री जी से चाहूंगा कि यह भी बतायें कि हिन्दुस्तान में जब-जब भी जानवरों कीचर्बी का आयात हुआ है उस वक्त क्या दाम थे आन्तरिक तेलों के। तब हम को समझ में आ सकता है वरना कह देने से भूत आया, भूत आया, कोई फायदा नहीं ठीक है जनता पार्टी के जमाने में कुछ चीजों को उन्हों ने खुले लाइसेंस में डाला। मैं आप को एक बात और बता देना चाहता हूं। हिन्दुस्तान में जब से आयात शुरू हुआ, बाहर की चीजों पर मुनहसिर करना—मैं इशारा करना चाहता हूं—पी०एल० 480 किस ने शुरू किया? क्या जनता पार्टी ने शुरू किया? और उसके क्या क्या परिणाम हुए इस पर किसी बहस की जरूरत नहीं। जब से खान पान की चीजों को इम्पोर्ट करने का दरवाजा खुला है तब से ही यह सारा मामला चल रहा है। जो माल बाहर से आता है उस में दामों में कुछ न कुछ हाथ चिकने करने की गुंजाइश रहती है, जिस को कहते हैं ग्रीजिंग आफ दि पाम्स। तो मैं यह नहीं कहता कि व्यापार मन्त्री जी यहां बैठे हैं, सब राजा हरिश्चन्द्र हैं और किसी को भी लालच नहीं होगा। तो यह सारा शब्दों का जाल-फैलाव हुआ करता है। कभी उसे एनीमल टैलो कह दिया और कभी उसे शुद्ध टैलो कह दिया। मुझे इस का पता नहीं कि दुनिया में कोई बीफ टैलो नाम की कोई चीज है या नहीं। असल में यह है या नहीं इस का पता एक ही तरह से लगाया जा सकता है कि किस देश से कौन सी चर्बी मंगायी जाती है। कनाडा से अगर आप चर्बी मंगाते हैं तो वहां गाय खायी जाती है इस लिये वहां से गाय की चर्बी आयेगी। अमरीका से अगर आप मंगाते हैं तो वहां सुअर लोग ज्यादा खाते हैं इसलिये वहां से सुअर की चर्बी आयेगी और अगर आप आस्ट्रेलिया से मंगाते हैं तो वहां से भेड़ की चर्बी आयेगी जिस को आप मटन टैलो कहते हैं। लेकिन जब जानवरों की चर्बी मिल कर आती है तो क्या किसी प्रकार का ऐसा यंत्र है कि जिस से यह साबित किया जा सके कि यह बीफ टैलो है या नहीं है? मैं इतना जरूर जानना चाहूंगा। जहां तक मुझे पता है, यह मामला मिलावट का है और प्रिवेंशन आफ

[श्री लाडली मोहन निगम]

एडल्ट्रेशन एक्ट के पन्ने 94 की तरफ में आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं जिस में ईडेबल फैट्स के बारे में कहा गया है। उस की धारा 10 को मैं कोट कर रहा हूं कि अलग अलग चर्बियों के पता लगाने के क्या क्या तरीके हो सकते हैं। क्योंकि स्पेसिफिक टैस्ट का नारा बहुत लग रहा है, लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि कौन सा स्पेसिफिक टैस्ट आप ने किया जिस से फलानी चीज में बीफ टैलो मिला। जब तक यह नहीं करोगे तब तक मैं समझता हूं कि दोगली बात करोगे : इस में लिखा है :—

"Beef fat means fat obtained from beef. It shall have a saponification value varying from 193 to 200. After the test the value varies from 35 to 46.

"Mutton fat means mutton obtained from the guts of the sheep. It shall have a saponification value varying from 193 to 200 and the other value varies from 34 to 46.

"Goat fat means rendered from the fat of the goat and it shall have a saponification value varying from 193 to 196 and the other varying from 36 to 40."

चर्बियों के लिये किसी चीज का पता लगाने के लिये आइडिन टैस्ट ही हो सकता है। मेरे कहने का मतलब यह है कि जितने तरीके का टैस्ट कानून के तहत है उन से किसी भी आइडिन टैस्ट से इस का पता नहीं लग सकता। दोनों तरीके बराबर हैं। तो मेरे कहने का मतलब यह है कि आप ने यह स्थापित करने के लिये कि यह बीफ टैलो है कोई स्पेसिफिक टैस्ट किया है और अगर किया है तो वह क्या है? ऐसा होने पर ही यह मामला साफ हो सकता है मैं जानता हूं कि टैलो टैलो है। दस चीजों का हो, सब मिला कर एक जगह इकट्ठा कर के बेचा जाता है तो पता लगाना सम्भव नहीं रह जाता है। और अब तक विज्ञान ने बहुत तरक्की की है लेकिन अगर दस तरह की चर्बियां मिली हों तो पता लगाना कैसे सम्भव होगा कि उस में किस किस की चर्बी है? और यही आधार होगा जिस से कुछ साबित हो सकता है।

अब मैं दूसरी बात पर आना चाहता हूं रामानन्द जी की बात पर, कि जब जनता पार्टी के समय में खुला लाइसेंस दिया गया तब उस के बाद क्या हुआ? ओपन जनरल लाइसेंस के सम्बन्ध में जो नीति शाया साया हुई उसके तहत जो नियम बने, उसमें से मैं पढ़ रहा हूं—

"Unless otherwise specified against the relevant items, import under OGL will be allowed only to actual users..."

SHRI A. G. KULKARNI: That is the point.

SHRI LADLI MOHAN NIGAM: "Import under OGL only to actual users registered with the DGTD and State Directors of Industries for use in their own industrial units..."

इसमें यह है कि अगर मेरे पास एक कारखाना है और उसमें उसका उपयोग होता है तो उस कारखाने की जितनी क्षमता है उसके लिए उतनी ही मैं मांग कर सकता हूं। इस पर कोई बैन नहीं है। लेकिन ये जो महिलायें चिकनाई का इस्तेमाल करती हैं, इसमें सुन्दरता कितनी आती है यह तो अलग बात है, लेकिन चर्बी के साथ सुन्दरता जुड़ी हुई है, चाहे मनुष्य की चर्बी हो या जानवर की हो। क्या चीज ये लोग इस्तेमाल करते हैं, मुझे पता नहीं। मैं तो जो बाजार में मिलता है वही इस्तेमाल करता हूं।

श्रीमती उषा मल्होत्रा : क्या कह रहे हैं आप? किसकी चर्बी की बात कह रहे हैं। महिला समाज के लिए आप क्या कह रहे हैं। सब को पता है ये तो ताली बजाने वाले हैं। ... (**व्यवधान**)। इनको क्या पता औरतों का।

श्री लाडली मोहन निगम : मैं मोहतरमा की बात को तस्लीम करता हूं कि औरतों

के बारे में जो मेरा ज्ञान है वह इनका दिया हुआ है। ...(**व्यवधान**)

श्रीमती मोनिका दास : निगम जी, हिम्मत है, तो जोर से बोलिये।.... (**व्यवधान**)

श्री लाडली मोहन निगम : मेरा जो कुछ ज्ञान महिलाओं के बारे में है वह आप लोगों का ही दिया हुआ है, इसके अलावा मुझे कोई ज्ञान नहीं है। आपका बहुत शुक्रिया कि आपने नीरस बहस को रसमय बनाने की कोशिश की।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जो माल आता है उसके कोड होते हैं। व्यापार मन्त्री जी मुझे बता दें यदि कोड नहीं होते हैं तो। श्रीमन्, राज्य सभा में 15-11-82 को एक प्रश्न इस बारे में पूछा गया था, उसके जवाब में आपने कहा था कि सन् 1978-79 में 33214 टन, 1979-80 में 8394 टन 1980-81 में 29 हजार टन और 1981-82 में 58 हजार टन चर्बी का आयात हुआ। यह आपके मन्त्री जी का कहा हुआ है रामानन्द जी। ये झूठ बोल रहे हैं तो इन पर प्रिविलेज हो जाएगा। उन्होंने जवाब में यह भी कहा है—

"These figures relate to the description of items covered by the Indian Trade Classification Code..."

इंडियन ट्रेड क्लासिफिकेशन का कोड है। जरा मुझे बताइये कि बीफ का कौन सा कोड है। मैं आपसे साफ जानना चाहता हूं। (**समय की घंटी**)

श्रीमन, मैं कोई सतही बहस नहीं कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : सतही बहस का सवाल नहीं है, वक्त का सवाल है। ...(**व्यवधान**)

श्री लाडली मोहन निगम : आप जानते हैं सारे मुल्क में हंगामा खड़ा हो रहा है। जनता की बहबूदी के लिये थोड़ा टाइम दीजिये। ...(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) लोगों की बेहबूदी के लिये मेरे पास बोलने वालों की लम्बी लिस्ट है : आप समाप्त कीजिये : 3.00 P.M.

श्री लाडली मोहन निगम : मैं यह कह रहा हूं कि इंडियन कोडिफिकेशन के तहत जो भी आयात हुआ है उसका कोड नम्बर, 414023 था। कहीं भी बीफ का कोड नम्बर नहीं है। अगर वह बता देते तो पता लग सकता था। आप जानते हैं कि व्यापारी किन के साथ खेलते हैं। दिल्ली एक ऐसी जगह है जो पुश्तैनी गुलामों की जगह रही है। जब सरकार बदलती है तो उनके साथ अपना मुखौट बदल कर हो जाते हैं। मेरा तो यह कहना है कि अगर आप इसको रोकना चाहते हैं और यह चाहते हैं कि गाय के नाम पर व्यापार न हो तो एक ही तरीका है कि गाय को न काटा जाय। जब तक गाय कटेगी तब तक गाय की चर्बी का मसला चलता रहेगा।

एक बात और अदब से कहना चाहता हूं कि वनस्पति का व्यापार दूसरे महायुद्ध की देन है। उस वक्त आप को याद होगा कि हिन्दुस्तान के राष्ट्रीय नेताओं ने नारा लगाया था कि आम घी में इसकी मिलावट न हो सके इस के लिये इसको रंगीन कर देना चाहिए। लेकिन नहीं किया गया। क्यों नहीं किया गया क्योंकि उसके लिये पैसा मिलता है। हाथ चिकने करने की संभावना जुड़ी रहती है। अगर आप इसको करने के लिये तैयार हैं तो मैं कहना चाहूंगा कि खान-पान आदमी के व्यक्तिगत रुचि का सवाल है और रुचि के सवाल से ज्यादा उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता है। अगर आप ईमानदार हैं तो आपको पता है कि मिलावट सबसे बड़ा गंभीर अपराध है।

[श्री लाडली मोहन निगम]

मिलावट को लेकर लोगों ने क्या-क्या बातें उठाई हैं लेकिन उसको रोक नहीं पाये । अगर आप मिलावट को नहीं रोक सकते, स्वाभाविक है , नहीं रोक पायेंगे तो कम से कम एक कानून बना दीजिये वनस्पति में या किसी और चीज में चर्बी मिली रहेगी तो उस पर लिखा रहेगा कि इसमें चर्बी मिली हुई है। जैसे कि सिगरेट के पैकेट के ऊपर लिखा रहता है कि सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है । फिर भी जिसने पीना हो पी ले वह यह एक स्टेट्चुअरी ला बना दीजिये । अगर हमारा मन है कि उस को खाने का तो हम खा लेंगे भले ही उसमें चर्बी मिली हुई हो : जैसा आपने कहा कि जनता पार्टी ने इसे चलाया है, मैं यह कहता हूं कि चाहे किसी ने किया हो जनता पार्टी हो या आपकी पार्टी हो, इस देश में चर्बी का आयात होता है और होता रहेगा , हो सकता है कल आप चुनाव तक के लिए बन्द कर दें लेकिन इस को चलना पड़ेगा। अगर आप ईमानदार है तो इस के लिये एक ही इलाज है कि विनोबा जी के बताये रास्ते पर चलो कि बन्द करो गो हत्या। फिर गाय की चर्बी नहीं मिलेगी । जब तक चर्बी बाहर से आयेगी तब तक आप कुछ नहीं कर सकते। एक बात और कहना चाहता हूं कि सुअर की चर्बी का क्लासिफिकेशन होना चाहिए । मुझे जैसे आदमी ने कहा कि मेरी समझ में नहीं आता कि यह बीफ टैलो है या क्या चीज है मंत्री महोदय बता सकें कि यह बीफ टैलो है तब मैं मानूगां । मैं बड़े अदब के साथ कहना चाहता हूं इसको राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश मत करो।

श्री रामानन्द यादव : आप उनको क्यों नहीं कहते ?

Why don't you point out this to them?

SHRI LADLI MOHAN NIGAM; To whom?

SHRI RAMANAND YADAV: To the Alliance.

श्री लाडली मोहन निगम : आपने फिर यह बंद क्यों किया ?

श्री रामानन्द यादव : इस लिये कि आपको लाई को खत्म करना चाहते थे ।

श्री लाडली मोहन निगम : यह बिल्ली फिर आ गई ।

SHRI RAMANAND YADAV: You are also sailing in the same boat.

श्री लाडली मोहन निगम : मैंने कहा कि इसका राजनैतिक उपयोग मत करो। इसको ईमानदारी से करो इस में बड़ी बेइमानी है, लूप होल्स है । व्यापारी लोग सब जानते हैं । आपने कोडी फिकेशन नहीं किया । कोडी फिकेशन किया होता तो कोई मंगा नहीं सकता था ।

एमीमल टैलो नहीं मंगा सकता । इस वास्ते में यह निवेदन करना चाहता हूं कि इसका आप राजनैतिक लाभ उठाने की कोशिश मत करो , मिनिस्टर साहब सारी चीजों को, सारे तथ्यों को बता दें। जब मिनिस्टर साहब जबाब दें तो इन सारे तथ्यों का जबाब दें। तभी इस बहस का कोई उपयोग होगा, वरना जैसे बहस हुआ करती है वैसी ही बहस होकर रह जाएगी ।

DR. RAFIQ ZAKARIA (MaTiafash-tra): Mr. Vice-Chairman, Sir, I do not propose go go into the various aspects of this problem because *T* anf sure the Commerce Minister will deal with them in his own Effective manner. But I agree with my friend, Mr. Ladli Mohan Nigam, that what we have to guard against is the political exploitation of this controversy which has a deep religious significance.

Sir, as a Muslim I feel as deeply'about it as any Hindi because where religious sentiments are concerned, we must all be united thai, nothing should be done which will hurt the feelings of our people.

श्री पी० एन० सुकुल : मैं आप को बता रहा हूं रामेश्वर सिंह जी, और मैं एक उदाहरण दे रहा हूं कि यह लोग धर्म की रक्षा नहीं कर सकते । न वह गो को बचा सकते हैं और न धर्म की रक्षा कर सकते हैं । 68 में लखनऊ नगर महापालिका का चुनाव लड़ा गया और उस समय वहां जनता पार्टी सर्वेसर्वा थी । जनसंघ नाम था उस का । उस समय की एक घटना मुझे याद आती है जिस को मैं बता रहा हूं । उस 68 के लखनऊ के चुनाव में एक वार्ड था कनौसी । वहां चुनाव के एक दिन पहले एक गाय काट दी गयी । इतिहास साक्षी है और बाद में पता चला कि जनसंघ के लोगों ने उसे कटवाया । यह धर्म को बचाने वाले हैं ? उन्होंने गाय को कटवा दिया ताकि हिन्दू वर्ग समझे कि मुसलमानों ने यह किया है और वोट हम को आ जायं । तो मैं आप को बता रहा हूं । आप इस का पता लगाइये ।

श्रीमती विजया राजे सिंधिया (मध्य प्रदेश) : आप ने कोई बात एक बार भी आज तक सिद्ध कर के दिखायी है ? **(व्यवधान)**

श्री हंसराज भारद्वाज : मैं डाकुमेंट देता हूं । अगर मेरी बात साबित न हो तो मैं इस्तीफा दे दूंगा । अगर बाजपेयी जी एप्रूवर साबित न हों तो मैं इस्तीफा दे दूंगा । **(व्यवधान)**

श्री मनुभाई पटेल (गुजरात) : पुरानी बातों को ले कर आप बहकाने की बातें कर रहे हैं ।

श्री पी० एन० सुकुल : आप को नहीं मालूम कि विरोधी पक्ष में कैसे

[श्री पी० एन० सुकुल]

कैसे लोग बैठे हैं । आप को नहीं मालूम है ।

श्री मनुभाई पटेल : मैं भी आ गया हूं इस में ।

श्री पी० एन० सुकुल : मेरी बात पर श्रीमती विजया राजे जी ने एतराज किया । मैं आप के माध्यम उन से कहना चाहता हूं कि इस बात का वह पता लगा लें जो बात मैं उन से कह रहा हूं वह अखबारों में छपी हैं या नहीं ।

श्रीमती उषा मल्होत्रा : मैंने एक फोटोस्टेट कापी दी है डाकुमेंट की । उस का पता लगाइये कि वह डाकूमेंट ठीक है या नहीं । **(व्यवधान)**

श्री पी० एन० सुकुल : उपसभाध्यक्ष जी, मेरा बहुत सा समय लोग नष्ट कर रहे हैं । आप इस बात का ख्याल रखियेगा । मैं यह कह रहा था कि एक घृणित स्तर पर उतर कर इस मिलावट का नाम लेकर यह जानते हुए भी अपने हृदय में कि इस बीफ टैलों का इंपोर्ट कराने वाले हम ही लोग हैं, फिर भी जनता में भ्रम पैदा करके हमारी सरकार के खिलाफ एक गलत प्रचार करने की कोशिश की जा रही है । इसका कोई नतीजा उनके हक में निकलने वाला नहीं है क्योंकि हमारी जनता बड़ी समझदार है । हमारे वाणिज्य मंत्री ने बारबार स्पष्ट रूप से कह दिया है कि उनकी नीति क्या थी और हमारी नीति क्या है । एक ओर लिब्रलाइज्ड इंपोर्ट, उदारतापूर्वक बीफ टैलो इंपोर्ट करने की इजाजत दी गई और टैलो मंगाया गया और दूसरी ओर हमारी सरकार ने उस पर टोटल बैन लगा रखा है । अब आप ही जनता को बता दो कि आप क्या थे और हम क्या हैं । अब भी आप यह बतायेंगे कि हमारी नीति क्या हैं ?

When there is a total ban and total restriction on the import of beef tallow, what more do you have to say? You have nothing to say. You want only to beat the political drum. That is all. And that is not going to be of much consequence, I may tell yon.

हमारी सरकार ने टोटल बैन कर दिया है । तो आप अब और क्या चाहेंगे, क्या कहेंगे ? इससे कुछ होने वाला नहीं है । तो मैं जो कह रहा था कि हमारी सरकार ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी है, इंदिरा गांधी की सरकार ने, हमारे वाणिज्य मंत्री की सरकार ने हमारे झा साहब की सरकार ने कोई ऐनीमल टैलो इंपोर्ट नहीं किया, बीफ टैलो की ही बात नहीं है । श्री मोहन धारिया ने दूसरी और इसको जस्टिफाई किया है कि होना चाहिए । उन्होंने कहा था कि क्यों नहीं होना चाहिए । जब हमारे देश में जानवर मरते हैं, गाय भैंसें मरती है तो उनका टैलो इस्तेमाल किया जाता है तो हम बाहरी टैलो क्यों नहीं इंपोर्ट कर सकते हैं ? हमारी सरकार ने इस पर टोटल बैन किया और जनता सरकार की यह नीति थी, उनका यह विश्वास था, उनकी यह धार्मिक भावनायें थी और हमारे देश की धार्मिक भावनाओं का वह इतना आदर करते थे जो आज इतना हल्ला कर रहे हैं । हमारी सरकार ने कहा कि यदि कहीं गुंजायश हो सकती है या कहीं शिकायत आई तो तुरन्त उस पर टोटल बैन लगाकर यह सिद्ध कर दिया कि इंदिरा गांधी जी की जो वर्तमान सरकार है, वह हिन्दू, मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं का समादर करने की भरसक कोशिश कर रही है और इस बात को सुनिश्चित करने का प्रयास

कर रही है कि किसी की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ न किया जाए । किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न लगे । इसीलिए मैं समझता हूं कि हमारे विरोधी दलों की पार्टियों के पास कोई मुद्दा नहीं है यह कहने के लिए । हमारे माननीय मंत्री जी का जो बयान है वह बिलकुल साफ है । उन्होंने कह दिया है कि—

The regulatory provisions pertaining to the import. of animal tallow have been activised.

दूसरी ओर जो इनफार्समेंट मशीनरी है वह कितनी तेजी से काम कर रही है, इसका भी उन्होंने हवाला इसमें दे दिया और यह कहा है कि जहां भी शक की गुंजायश है वहां पर हमने उनका इंपोर्ट बंद कर दिया है और ऐसी फर्म्स 146 हैं जिनके साथ यह कड़ाई की जा रही है, उनकी जांच पड़ताल की जा रही है । 11 मामलों में सी० बी० आई० ने बाकायदा कंप्लेन्ट लाज कर दी हैं । हम ऐक्शन ले रहे हैं, हम जागृत हैं जनता की भावनाओं के प्रति ।

इसीलिए मैं अपने विरोध पक्ष के साथियों से कहना चाहूंगा विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी और लोकदल के साथियों से कि हल्ला मचाकर आप लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ न करें । इस पर जबरदस्ती कीचड़ उछालने की कोशिश न करें वरना वह कीचड़ आपके ही ऊपर आयेगी तो आपका ही मुंह काला होगा, आपका ही शरीर गंदा होगा और चुनाव में जो आप चाहते हैं कि इससे शायद वोट मिल जायेंगे, मैं समझता हूं कि स्थिति स्पष्ट हो जाने के बाद भारत के जो लोग वह समझ जायेंगे और आपके वोट कट जायेंगे ।

इन्हीं शब्दों के साथ में अपने माननीय वाणिज्य मंत्री जी को यह सुझाव देना चाहूंगा कि जहां तक सम्भव हो, वनस्पति को इसेंशयल कमोडिटीज ऐक्ट के अन्दर जरूर लाया जाए । यह जरूरी आइटम है । हर गरीब इसका प्रयोग करता है, इसका इस्तेमाल करता है । इसलिए इसे ऐसेंशयल कमोडिटीज ऐक्ट के मातहत इसको लाया जाए ।

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि गरीबों के हक में हमारे देश के, इस वनस्पति का मूल्य जल्दी जल्दी न बढ़ने पाये ताकि हमारी गरीब जनता इसका उपभोग कर सके ।

श्रीमती विजया राजे सिंधिया : वाइस चेयरमैन साहब मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे मौका दिया कि मैं अपने विचार इस विषय पर प्रकट करूं । परन्तु आज सुबह से मैं यह देख रही हूं कि इस आगस्ट हाउस के अन्दर जिस प्रकार की ट्रीट जेनरेट की जा रही है उससे मुझे बड़ा दुख हुआ है । जो सबसे बड़ा उच्च हाउस है ला मेकिंग बाडी है वहां हम लोग एकत्रित होते देश की जनता के हित के लिये, उनकी भावनाओं का आदर करने के लिये और उसके अनुरूप यहां कानून बनाकर, ट्रेजरी बेंच द्वारा उसके अनुरूप शासन आदि चलाया जाता है । इस प्रकार देश की जनता के हित की भावनाओं को लेकर हम यहां एकत्रित होते हैं । परन्तु मैं देख रही हूं कि देश की जनता की, टेक्स पेयर्स की गाढ़ी कमाई किस तरह से बरबाद होती है । हमारा मकसद एक ही है चाहे वह अपोजिशन हो या ट्रेजरी बेंच हो । हमारा मकसद यह है कि जो गरीब जनता है, करोड़ों जनता दुखी है उन लोगों की जो मुसीबत है उसको दूर करना है । उनकी जो भावनाएं हैं उनको हम सेफगार्ड करते हुए

श्रीमती विजया राजे सिंधिया]

उनका संरक्षण करते हुए उनको स्वाभिमानी जीवन बिताने के लिये हमें एक ऐसा रास्ता निकलना है जिससे हम सुगमता के साथ आगे बढ़ सकें। मैं देख रही हूं कि सुबह से शाम तक इस तरह से उलझे रहते हैं और देश की जनता की जो गाढ़ी कमाई है, पसीने की कमाई है उसका दुरुपयोग कर रहे हैं। मैं बड़ी नम्रता के साथ ट्रेजरी बैंच में बैठे हुए अपने मित्रों को बहुत ही विनम्रता के साथ हाथ जोड़ कर अर्ज करना चाहती हूं कि यह प्रक्रिया जो वर्षों से हमने पार्लियामेंट के अन्दर शुरू कर दी है वह ठीक नहीं है। अपोजिशन कोई बात कहता है इसलिये अपोजिशन की बात को गिराना है यह ठीक नहीं है। अगर कोई अच्छी बात अपोजिशन कहता है उसको भी सुनना नहीं उसका भी सत्ताधारी पक्ष अपोज करना चाहता है। इस तरह की भावना को लेकर अगर हम डेमोक्रेसी को चलाना चाहते हैं . . .

श्री हरिसिंह भगुबावा महिडा (गुजरात): क्या गलत बात का जवाब नहीं देना चाहिये ?

श्री पी० एन० सुकुल: क्या जनता सरकार नहीं करती थी . . . **(व्यवधान)**

श्रीमती विजया राजे सिंधिया : वाद-विवाद होना चाहिये यह मैं मानती हूं। परन्तु वाद-विवाद कब होना चाहिये जब कि हम किसी बात पर डिफर करते हों। परन्तु यहां तो डिफर नहीं हो रहा है। केवल एक दूसरे को प्वांइट आउट करने जा रहे हैं। मुझे खुशी होती। आपने टैलो को बंद करने की घोषणा कर दी इसके लिये मैं धन्यवाद देती हूं मुझे आशा ही नहीं, विश्वास लिये हुए हूं कि चुनाव के बाद भी इस चीज को जारी रखा जायेगा। यह खाली चुनाव तक न रहे।

श्री हरिसिंह भगुबावा महिडा : चुनाव कहां हो रहे हैं ?

श्रीमती विजया राजे सिंधिया: आगे जब भी होंगे। आप लोगों के हाथ में है। आपके बॉस के हाथ में है। जब चाहे आप चुनाव की घोषणा कर सकते हैं। इसके लिये तैयारी हो रही होगी। हमें यह बताया गया है कि चुनाव के लिये तैयारी हो रही है। यानी आप चाहते हैं कि अगर हमारे देश की जनता की धार्मिक भावनाओं को ठेस लगे उस पर भी हम न बोलें तो फिर हमारा पार्लियामेन्ट में रहना बेकार है।

एक माननीय सदस्य : ठेस किसने पहुंचाई ?

श्रीमती विजया राजे सिंधिया : आपने कहा कि राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश हो रही है इसलिये मैं आपसे नम्रता के साथ अर्ज कर रही हूं कि राजनीतिक फायदा उठाने की बात कहां नहीं हो रही है। यह असल में देश की जनता की भावनाओं पर ठेस लगी है उसके कारण हम को बोलना पड़ रहा है।

क्योंकि हम भी देश के कुछ अंश को रिप्रेजेन्ट करते हैं। हम लोग जो यहां पर हैं या लोक सभा में हैं हम सब देश की जनता को रिप्रेजेन्ट करते हैं। आपको भी कहने का अधिकार है और हमको भी डिफेन्स करने का अधिकार है। अगर देश की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी तो इस सरकार के सामने उस मसले को लाएंगे सरकार के सामने रेज करेंगे। यह

हमारा अख्तियार है, अधिकार है। अगर देश की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी तो वह मामला सरकार के सामने लाया जाएगा । आपने टैलो का आयात बन्द कर दिया, यह अच्छी बात है । इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। जब आप अच्छा काम करेंगे तो हम उसका समर्थन करेंगे और अगर बुरा काम करेंगे तो हम उसका विरोध करेंगे। जो ठीक काम है उसको हम ठीक कहेंगे । इस मसले को आप छोटा मामला मत समझिये । यह काफी गम्भीर मामला है। जो लोग इसके अपराधी हैं उनको आप कड़ी से कड़ी सजा दीजिये । इसमें कोई झिझक की बात नहीं है ... (व्यवधान) । मैं तो आपकी तारीफ कर रही हूं। आप पर कोई इल्जाम नहीं लगा रही हूं।

श्रीमती प्रतिभा सिंह : जब आपकी सरकार ने इसका आयात किया तो उस वक्त आपने दुःख क्यों प्रकट नहीं किया ... (व्यवधान) ।

श्री रामेश्वर सिंह : श्रीमन् मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूं कि आप अब खामोश बैठे हुए है इनको रोक नहीं रहे हैं... (व्यवधान) ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली): मैं तो घंटी बजा रहा हूं लेकिन आप सुन नहीं रहे हैं ... (व्यवधान)

श्री रामेश्वर सिंह : ये लोग इस तरह तमाशा कर रहे हैं ... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली): अब आप बैठ जाइये ।

श्रीमती विजया राजे सिंधिया : मैं यही कह रही थी कि हमारे देश की जनता के कुछ मान-बिन्दु हैं । हमारी भारतमाता, हमारी गऊ माता, इस प्रकार के हमारे मान-बिन्दु हैं। हमारे देश की जनता जनार्दन का इन पर विश्वास है... (व्यवधान)

अगर आप राजमाता बनाते हैं तो ठीक है, धन्यवाद । मैं यह कह रही थी कि हमारे जो मान-बिन्दु हैं उन्हीं के चारों ओर हमारा राष्ट्रीय जीवन भी चलता है। हम देश की जनता की भावनाओं की अवहेलना नहीं कर सकते है । चाहे हम अपोजीशन में हों या शासन में हों हमें देश की जनता की भावनाओं का आदर करना होगा । इस मामले में देश की करीब करीब 90 प्रतिशत जनता इन्वोल्व है । हिन्दू और मुसलमान दोनों इसमें शामिल हैं: दोनों के जजबात को इससे ठेस पहुंची है । जिन लोगों ने इस में फायदा उठाया है उनको आप सजा दीजिये अच्छे और बुरे लोग हर जगह हैं... (व्यवधान) ।

श्री हाशिम रजा आबदी इलाहाबादी (उत्तर प्रदेश) : आपने अभी हिन्दुओं और मुसलमानों दोनों के जजबात की बात कही । मैं चेलेन्ज करता हूं कि किसी भी मुसलमान मौलवी ने इस कंट्रोवर्सी में पड़कर अपने आप को इन्वोल्व नही किया है ... (व्यवधान) ।

†[شری هاشم رضا عابدی الہ آبادی

(اتر پردیش) : آپ نے ابھی ہندوؤں اور مسلمانوں دونوں کے جذبات کی بات کی ہے - میں چیلنج کرتا ہوں کہ کسی بھی مسلمان مولوی نے اس کنٹرو ورسی میں پڑ کر اپنے آپ کو انوالو نہیں کیا .....

(مداخلت)]

श्री अब्दुल रहमान शेख (उत्तर प्रदेश) : मौलवी सब मुसलमानों को रिप्रेजेन्ट नहीं करते हैं ... (व्यवधान) ।

†[ ] Transliteration in Arabic script.

†[شری عبدالرحمن شیخ (اترپردیش):

مولوی سب مسلمانوں کو ریپریزنٹ نہیں کرتے ہیں .....(مداخلت)]

श्री हाशिम रजा आबदी इलाहाबादी: आप हिन्दुओं की बात कह सकते हैं, लेकिन मुसलमानों के जजबात के साथ खिलवाड़ मत कीजिये ... **(व्यवधान)**। आप मुसलमानों के जजबात के साथ नहीं खेल सकते है ... **(व्यवधान)**।

†[شری ہاشم رضا بدی ال آبا دی:

آپ ہندوؤں کی بات کہہ سکتے ہیں لیکن مسلمانوں کے جذبات کے ساتھ کھلواڑ مت کیجئے .....(مداخلت) آپ مسلمانوں کے جذبات کے ساتھ نہیں کھیل سکتے -]

श्री अबदुल रहमान शेख : अब आपकी मुसलमानों की दुकानदारी नहीं चलेगी... **(व्यवधान)** ।

†[شری عبد ال من شیخ : اب آپ کی مسلمانوں کی دوکانداری نہیں چلے گی .....(مداخلت)]

श्रीमती विजया राजे सिंधिया: महोदय, मैं अपने साथियों से हाथ जोड़कर अर्ज करना चाहती हूं कि देश को आज कम्युनल बातों पर लड़ाई करने, झगड़ा करने का समय नहीं है। हमें एक होकर इस देश की एकता और यूनिटी को बनाना है। इसलिये आज जब ऐसा मसला आया है, जिस पर हिन्दू क्या और मुसलमान क्या, सब एक हो रहे हैं, इस एकता को हमें टूटने नहीं देना चाहिए। जहां भी हमारी धार्मिक भावनाओं या आस्थाओं पर प्रहार होगा जनता अगर ऐसा महसूस करेगी तो उसको यहां पर आकर प्रदर्शित करेंगे इसको यहां पर प्रदर्शित करते हुए बताते हुए हमें कोई गुनाह नहीं किया है, यही में अर्ज करना चाहती हूं। मुझे खुशी है कि हमारी मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया है कि यह जो टैलो है, इसका आयात करना बन्द कर दिया गया है। मुझे आशा यही है कि यह हमेशा के लिये हुआ होगा। क्योंकि बहुत से भाई यह बता रहे हैं आर्थिक दृष्टि से भी इसको देखना पड़ेगा। परन्तु आप जानते हैं कि यह देश एक भावुक देश है, भावना-प्रधान देश है, इसलिये आप देश की जनता की भावनाओं को कुचल नहीं सकते हैं। हमारी इन भावनाओं का जो बैकग्राउन्ड है, उसका विश्लेषण करने के लिये इस समय समय नहीं है। मैं केवल यह कहना चाहती हूं कि यह केवल एकानामिक बात ही नहीं है बल्कि धार्मिक बात भी है। इसलिये मैं अर्ज करना चाहती हूं कि यह जो मसला है इसको हमें एकजुट होकर हल करना है। जो गलत बातें हुई हैं इसके लिये जो दोषी है उसको सजा देनी चाहिए। इसको केवल चुनाव का मसला बनाने के ख्याल से नहीं करना चाहिए बल्कि हम लोगों के जो सेंटीमेंट्स हैं हमारी जो पवित्र भावनायें हैं उसको सामने रखते हुए इस पर विचार करना है। मैं इस आशा और विश्वास को लेकर कहना चाहती हूं कि आप भी देश की जनता को रिप्रेजेन्ट करते हैं, तो आप इस बात का ध्यान रखें। यही आशा और विश्वास प्रकट करते हुए जो कुछ आज तक गलत हुआ है, वह दुबारा नहीं होना चाहिए उस गलती का रिपीटीशन नहीं होना चाहिए। चाहे इस पक्ष के लोग हैं और चाहे उस पक्ष के लोग, उन्हें जो गलत बात है वह गलत कहना चाहिए और जो सही है उसे सही कहना चाहिए। हमें इस दृष्टि से देखना चाहिए। हमें छोटी छोटी बातों को न देखते हुए देश की एकता की दृष्टि से देखना चाहिए। आज के युग का यही तकाजा है कि हम लोग इस बात की ओर इस दृष्टि से

†[ ] Transliteration in Arabic script.

विचार करें ताकि इस देश के जनता के सेंन्टीमेंट्स और उनकी धार्मिक भावनाओं के ऊपर ठेस न पहुंचने पायें। जनता जनार्दन, गौ-माता और मातृ-भूमि (व्यवधान)... आप कितना ही हंस लें, यह भारत का सेंटीमेन्ट है इस पर हंसने से कुछ नहीं बनेगा .. (व्यवधान ... गौ-माता, जनता जर्नादन और भारतमाता ये तीनों हमारी नीति के विषय हैं और इन तीनों विषयों को लेकर ही देश को प्रगति कर सकते हैं। आज मुझे खुशी है कि हमारी मुस्लिम जनता भी हमारे साथ है, क्योंकि इससे उनकी धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। भारत की महानता इसी में है, उसकी जो संस्कृति है वह यह है कि वह किसी भी धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाती है। सहिष्णुता हमारी सबसे बड़ी चीज रही है। इस सहिष्णुता के नाते हम अपने मुस्लिम भाइयों की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचने देंगे। इससे हिन्दू-मुस्लिम एकता मजबूत होगी और इस तरह से देश आगे बढ़ेगा और इस दिशा में हम सफल होंगे। इतना ही कहकर मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली): श्री रामेश्वर सिंह।

श्री रामानन्द यादव : महोदय, इनसे पूछा जाय कि क्या वे बनारस में गंगा स्नान करके आये हैं क्या ? क्या वे गंगा में स्नान करके पवित्र होकर आये हैं ... (व्यवधान) ...

SHRI VISHVAJIT PRITHVIJIT SINGH: We are appreciative of Mr. Rameshwar Singh. He should appreciate that we appreciate him and that is why we are applauding him before he has spoken. I would request him for only one thing. In the course of his speech, could he kindly clarify .....

(व्यवधान) ठीक है हिन्दी में पूछ लेता हूं। मेरे प्रिय मित्र रामेश्वर सिंह जो मैं अपनी तरफ से मांग करता हूं कि वे हम को यह बता दें कि यह जैन शुद्ध वनस्पति जो है उसका आर० एस० एस० के साथ क्या लिंक था और कैसे था। अगर यह हमें जरा समझा दें तो हम बहुत मशकूर होंगे। (व्यवधान)

श्री रामेश्वर सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने जिस दिन इस सवाल को रेज किया था और जिन कम्पनियों की लिस्ट दी थी मुझे बेहद खुशी है कि विश्वनाथ प्रताप सिंह जी के कार्य सम्भालने के दो तीन महीने बाद ही यह सवाल खड़ा हुआ और विश्वनाथ प्रताप सिंह जी ने जो स्टेप उठाया उस पर मेरी कोई शिकायत नहीं है (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : जरा उनको बोलने दीजिये।

श्री रामेश्वर सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे शिकायत नहीं है। एक ही मेरी शिकायत है। इस सवाल को आज भी मैं राजनीति से हट कर के सोचता हूं (व्यवधान)

श्री हंसराज भारद्वाज : यह बात गलत है। यह बात लोक दल वाले नहीं उठाते लेकिन आर० एस० एस० ने कह दिया (व्यवधान)

श्री अब्दुल रहमान शेख : यह बहुत संजीदा मामला है और इस संजीदा मामले को पेशेंस से सुन लिया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा (व्यवधान)

श्री रामेश्वर सिंह : मैं अपने साथियों से कहता हूं कि आप हम पर रहम करो और अपने पर तथा देश पर भी रहम करो। मैं कोई ऐसी बात नहीं करना चाहता

[श्री रामेश्वर सिंह]

हूं जिससे कि देश खतरे में पड़े, देश में कोई ऐसा वातावरण पैदा हो जिससे आपको और हम को भी परेशानी उठानी पड़े। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस मामले को शुद्ध रुप से सोचता हूं। इस कांड के पीछे इस घटना के पीछे मैं यह मानता हूं कि गैर-इन्सानियत का काम किया गया है। जिन लोगों ने भी इस काम को किया है उन्होंने इस काम को गैर-इन्सानियत के तौर पर किया है। मैं अपने साथियों से कहना चाहता हूं कि अध्यक्ष भला होगा हमारी बात आप 10 मिनट सुन लें। हम को नहीं बोलने देंगे तो इससे कोई नतीजा निकलने वाला नहीं है। यह फैसला देश करेगा। लेकिन हमें बोलने देंगे तो आपका भी कल्याण हो जाएगा, देश का भी कल्याण हो जाएगा, और मेरा भी हो जाएगा। आपसे मैं एक अर्ज करना चाहता हूं। मैं कुछ ठोस बात करना चाहता हूं। एक तो जो हमारा संविधान है उस संविधान ने हमें यह आश्वासन दिया है कि हम इस देश में जो लोग रहने वाले हैं किसी भी नागरिक के किसी के धर्म पर किसी भी तरीके से कुठारघात नहीं होने देंगे। हर धर्म के लोग इस देश में अपने धर्म का पालन कर सकेंगे और उसमें सरकार उनकी मदद करती रहेगी और उनको किसी भी तरह से क्षति नहीं पहुंचने देंगे। **(व्यवधान)**

श्री कल्पनाथ राय : कौन सी धारा में है ? **(व्यवधान**

श्री रामेश्वर सिंह : अगर मेरी बात आप नहीं सुनेंगे तो उससे क्या फायदा होगा ? **(व्यवधान)**

श्री हरि सिंह नलवा (हरियाणा) : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है। श्री रामेश्वर सिंह ने कहा है कि मेरी बात न सुनेंगे तो क्या फायदा होगा ? फायदा यह होगा कि इनकी गलत बात सुन कर हमारा दिमाग गलत नहीं बनेगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : नलवा जी, यह प्वाइंट आफ आर्डर नहीं है। मैं पूरे हाउस से दरख्वास्त करता हूं कि हाउस की कार्यवाही ठीक ढंग से चलने में कोआप्रेट करें। वक्त बहुत कम है। आप रामेश्वर सिंह जी को सुनें। मैं उनसे भी तवक्को रखता हूं कि वे भी कोआप्रेट करने का जज़बा अपने में पैदा करेंगे। बराएकरम कोई मोअज़िज़ मैम्बर मदाखलत न करे।

श्री रामानन्द यादव : श्रीमन, यह किताब तो दिखा देते हैं, लेकिन धारा कोट नहीं करते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : कंस्टीटयूशन आफ इंडिया उन्होंने बतलाया है, धारा ढूंढ लें। आप परेशान क्यों हैं ?

श्री रामेश्वर सिंह : सवाल इस बात का नहीं है कि किस गवर्नमेंट ने इसको मंगवाया है या किसने नहीं मंगवाया है. . . **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : क्यों ?

श्री रामेश्वर सिंह : इस विवाद को हम लोग करेंगे, तो विश्वनाथ प्रताप सिंह जी, मेरी तथा और पांच आदमियों की एक कमेटी बना दें, हम लोग विचारों का आदान-प्रदान कर लेंगे। हम किताब लाये हैं—हम एक-एक किताब इम्पोर्ट पालिसी की लाए हैं। एक किताब यह है और यह भी इम्पोर्ट पालिसी की ही किताब है। हम इसे पूरी तरह से पढ़ना चाहते थे, लेकिन समय की कमी के कारण ऐसा नहीं करेंगे।. . . **(व्यवधान)**

श्री रामानन्द यादव : जो लड़का पढ़ने में तेज नहीं होता है, अपने पठन का जो बोरा होता है, उसमें बहुत सा कचरा रख कर बहुत खुश होता है।. . . **(व्यवधान)**

SHRI K. MOHANAN: This is not fair, Sir. Mr. Rameshwar Singh, I know, is fully competent to defend himself. But this is not proper, this is not fair.

श्री रामेश्वर सिंह : अगर यह नहीं चाहते हैं, तो मैं वहां आकर के बैठता हूं और वह बहुत गलत बात होगी। तब यह आपको बड़ा मंहगा पड़ेगा ।... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली): आप अपनी तकरीर जारी रखिये ।

श्री रामेश्वर सिंह : अगर यह हाऊस की सीरियसनैस को खत्म करेंगे, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मुझको वहां आकर के बैठ जाना पड़ेगा और फिर बात इसी में तय हो जाएगी कि मैं क्या कहना चाहता था और क्या नहीं कहना चाहता था ।... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED ALI): Order, order please..

श्री रामेश्वर सिंह : अगर आप हमारी बात को डिस्टर्ब करने की कोशिश करेंगे, तो मैं वहां बैठने के लिए आता हूं ।... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली): आप अपनी तकरीर कीजिए ।

श्री सत्यपाल मलिक : हाऊस ऐसे नहीं चलेगा... (व्यवधान)

श्री अब्दुल रहमान शेख : अगर रूलिंग पार्टी की तरफ से यही रवैया जारी रहेगा, तो मुझे बेहद अफसोस है । जब एक मेम्बर इधर से बोल रहे हैं, तो उधर से सारे बोल रहे हैं । इन्हें शुरू तो करने दें ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यदि एक वक्ता बोलता है, तो बीच-बीच में तो डिस्टर्ब करते हैं कभी-कभी, लेकिन उन्होंने प्रारम्भ ही नहीं किया और पहले ही ऐसे ... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली): उन्हें बोलने दीजिए... (व्यवधान)

श्री रामेश्वर सिंह : बड़ा मंहगा पड़ेगा ... (व्यवधान) उपसभाध्यक्ष जी, मैं एक-एक बात का जवाब देना चाहता हूं । अभी हमारे साथी, जकरीया साहब चले गये । मुझे बेहद अफसोस है कि हमारे साथी बोलते हैं और बोलने के बाद चले जाते हैं। दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार नहीं होते हैं ।

जकरीया साहब ने कहा है कि वनस्पति का प्रोडक्शन, सेल बढ़ा है—इसके बावजूद बढ़ा है । मैं नहीं जानता कि उनके पास कौनसी रिपोर्ट है । मेरे पास जो कागजात हैं, मैं उनको पहले सुनाना चाहूंगा ।

यह वनस्पति एसोसिएशन जो है वह विश्वनाथ प्रताप सिंह जी से मिल चुकी है । उसका बयान है कि 30 प्रतिशत, जब से यह टैक्सों का सवाल आया है...

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह : वह मुझ से नहीं मिली है ।

श्री रामेश्वर सिंह: उसका बयान है कि 30 प्रतिशत प्रोडक्शन घटा है ।... (व्यवधान) आप जवाब दे लीजिएगा ।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं—मैं बात तो रखूंगा ही, लेकिन एक-एक करके मैं पहले रख लूं । सरकार कहती है कि मिलावट हुई है, लेकिन एक-दो टीनों में हुई है । मैं कहां कह रहा हूं कि दस लाख टन जो प्रोडक्शन होता है वनस्पति का, उसमें हुई है । मैंने कब कहा, किससे कहा हम लोगों ने, हम लोगों ने कहा है कि मिलावट इस देश में इतनी चरम सीमा पर चली गई है कि खाद्य पदार्थ में भी अब मिलावट होनी शुरू हो गई है । शुरू ही नहीं, खाद्य पदार्थ में मिलावट इस तरह से हो रही है जिससे कि इन्सान की जिन्दगी खतरे में है ।

[श्री रामेश्वर सिंह]

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस का कुछ विवरण रखना चाहता हूं। यह टैलो होता क्या है ? चाहे वह टैलो, अमरीका से आता हो, चाहे कनाडा से आता हो, चाहे ब्राजील से आता हो, टैलो, टैलो है, वह जानवरों की चरबी है। आप आश्चर्य करेंगे कि जो जानवर मर जाते हैं, जिन के अन्दर कीड़े पड़ जाते हैं, जिन में हाथ लगाने की गुंजाइश नहीं होती—विदेशों में तो प्लास्टिक लगा कर उस को छूते हैं—लेकिन हमारे देश में, गंगा के किनारे का मैं रहने वाला हूं, जब जानवर मरा हुआ बहता है तो जो भाई चमड़ा निकालते हैं वह चरबी निकाल कर ड्रम में भर कर बाजार में बेचते हैं। वह चरबी चाहे वनस्पति में मिलायी जाती हो, चाहे खाद्य पदार्थों में मिलायी जाती हो, चाहे च्यवनप्राश में मिलायी जाती हो, वह मिलायी जाती है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि इस देश में करीब करीब 60 करोड़ लोगों में 55 करोड़ लोग धर्मावलम्बी हैं और उन में भी —आंकड़े हमारे पास नहीं हैं—मांसाहारी और शाकाहारी बराबर-बराबर होंगे। मैं आप से अर्ज करूं कि हमारी बहुत सी बहिनों ने स्वप्न में भी नहीं सोचा, बहुत सी बहिनें विधवा हो जाती हैं, हमारी मां विधवा है, हमारे पिताजी नहीं हैं, वे छः-छः, आठ-आठ घंटे पूजा करती हैं, वह स्वप्न में भी नहीं सोचती हैं कि हमको कोई ऐसा खाद्य मिलेगा जो हमारे पूजापाठ पर असर करेगा। हमारी वाइफ या हमारी बहुत सी बहिनें एक दूसरे का छुआ पानी नहीं पीतीं, खुद लाती हैं, उन को यह मिला कर खिलाया गया। यही नहीं हमारे बहुत से साधु-सन्यासी जो जंगलों में घूमते हैं, जो नदियों के किनारे बसते हैं, गांवों में रहते हैं, पूजापाठ करते हैं, जो अन्न नहीं खाते, शुद्ध रूप से फल खाते हैं, सिंघ ड़े का आटा खाते हैं, घी मंहगा है इस लिए वनस्पति में बना कर लोग खिलाते हैं, उन साधु-सन्यासियों ने अपनी जिन्दगी लगा दी है धर्म में, हो सकता है कि उन की कल्पना झूठी ही हो, हो सकता है उस धर्म से कुछ न निकलने वाला हो, लेकिन उन की उस धर्म के प्रति आस्था है, वह कभी सोच नहीं सकते—हमारे जे० के० जैन भाई बैठे हैं, जैनी महात्माओं का मैं आदर करता हूं जो मुंह पर पट्टी बांध कर चलते हैं कि कोई कीड़ा न चला जाय, उन को भी आप ने नहीं बख्शा। मैं भाई विश्वनाथ प्रताप जी को बधाई देता हूं कि उन्होंने इस को बैन कर दिया। लेकिन उन्होंने पहले बैन क्यों नहीं किया। लोग कहते हैं कि जनता पार्टी के रेजोम में हुआ। मैं कहता हूं कि आप अपोजीशन में बैठे हुए थे, आप ने क्यों नहीं रोका। आपकी सरकार 32 वर्ष से थी (**व्यवधान**) '84 में मेरा टर्म खत्म हो रहा है। हो सकता है कि मैं इस सदन में न आऊं, हो सकता है आ भी जाऊं मैं नहीं जानता, लेकिन मेरी पीड़ा को देखिये जो सरकार 32 वर्ष हुकूमत में हो वह सरकार अपोजीशन में आये और दो साल के लिए जो सरकार में आए वह दुनिया भर के पाप कर के जाय, दुनिया भर का वितंडा करे, देश को रसातल में ले जाये और आप उसे रोक नहीं पाये तो आप से निकम्मा कौन है। इन्हीं कारणों से—जनता गवर्नमेंट की अकर्मण्यता, जनता गवर्नमेंट की आपसी कलह का ही परिणाम था कि एबसोल्यूट मेजारिटी की सरकार धराशाही हो कर चली गयी। उस सरकार को भी क्रिटिसाइज करने का, उस सरकार के खिलाफ लड़ने का श्रेय मुझे है। मैं इस सदन में उस सरकार के खिलाफ लड़ चुका हूं। मैंने मोरार जी भाई से कहा था इसी सदन में कि अगर उन की सरकार जनता के हित में काम नहीं करेगी और

रोज वे लोग आपस में लड़ते रहेंगे तो वह आप की सरकार 30 दिन भी नहीं चलेगी ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : अब आप सब्जेक्ट पर आ जाइये । बहुत समय हो गया है ।

श्री रामेश्वर सिंह : तो मेरे कहने का मतलब यह है कि यह बड़ा सेंसिटिव मामला है । यह मामला मामूली नहीं है । मैंने उस गवर्नमेंट को भी कहा था और आप 80 में हुकूमत में आ गये तो आप ने यह क्यों नहीं किया ? 1983 में इस को कब रोका, जब 17 तारीख को 18 कंपनियों की लिस्ट हम ने आप के सामने रख दी । यह चर्चा चल रही थी महीनों से और भाई विश्वनाथ प्रताप सिंह जी ने सदन में भी कहा था कि 11 या 12 हजार या 30 हजार टन टैलो आया है । हो सकता है कि उन के जरिये से यह बात टल गयी हो, और मैं उस विवाद में नहीं पड़ना चाहता, मगर जब इस सदन में 18 कंपनियों की लिस्ट पेश कर दी, उन के नाम दे दिये, टेलीफोन नम्बर दे दिये और उस में आप की सब से बड़ी कंपनी है एस० टी० सी०, जो सब से ज्यादा रिस्पांसिबिल कंपनी है उस कंपनी के द्वारा भी लाखों टन माल आया है । यह भी लिस्ट हम ने पेश कर दी । मुझे माफ करेंगे यह कहने के लिये कि एस० टी० सी० ने अपने को इस में क्यों नहीं रोका ?

एक सवाल मैं और कर रहा हूं । जब आप को धर्म में विश्वास है, जैसा कि हमारे भाई ने कहा है और मैं उन की बहुत ज्यादा इज्जत करता हूं । आप ने ठीक कहा कि मुसलमान इस झगड़े में नहीं हैं । लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि. . . (**व्यवधान**) आप चेयर पर बैठे है ? मैं आप से जानना चाहता हूं कि अगर आप को पता चल जाय कि इस साबुन में सुअर की चरबी है जिस को आप शरीर में लगाते हैं तो क्या आप उस को छुयेंगे एक ए मुसलमान ? जहां तक मुस्लिम धर्म का सवाल है, मुस्लिम धर्म की मुझे जहां तक जानकारी है, मैं इस बात को अदब के साथ कहना चाहता हूं कि (**व्यवधान**)

श्रीमती मौनिका दास : आप हिन्दू के पास जा कर कुछ कहते हैं और मुसलमान के पास जा कर कुछ और कहते हैं । (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : दो मिनट में अब आप मुकम्मिल कीजिए ।

श्री रामेश्वर सिंह : मुझे 5 मिनट और दे दीजिए । मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : ठीक है ।

श्री रामेश्वर सिंह : मैं जानना चाहता हूं इस सरकार से कि इस देश के करोड़ों लोग गाय को मां के रूप में देखते हैं । भाई विश्वनाथ प्रताप जी से पूछना चाहता हूं कि आप की औरत गाय को मां के समान समझती है या नहीं ? मैं अपने मुसलमान भाइयों से पूछना चाहता हूं कि जो सदन में बैठे हैं और या वे जो सदन के बाहर हैं कि वे सुअर का नाम लेना भी पाप समझते हैं या नहीं । तो ऐसी स्थिति में आप ने साबुन बनाने के लिये इस को मंगाया । अब मैं साबुन को डिस्कस कर रहा हूं. . .

एक माननीय सदस्य : आप साबुन लगाते हैं या नहीं ?

श्री रामेश्वर सिंह : 1926 में हिन्दुस्तान में साबुन का प्रोडक्शन कम होता

[श्री रामेश्वर सिंह]

था । रेह और रीठे से यहां का काम चलता था । विश्वनाथ प्रताप सिंह जी और आजाद जी नोट कर लें कि 1926 में ब्रिटेन की एक कंपनी सनलाइट साबुन बनाती थी. . .

श्री कल्पनाथ राय : लक्स लक्स । सबेरे लक्स को उन्होंने कोट किया था । उन्होंने लक्स की बात कही थी । **(व्यवधान)**

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : कल्पनाथ जी, आप को यह शोभा नहीं देता ।

श्री रामेश्वर सिंह : उस कंपनी ने जब हिन्दुस्तान में अपना साबुन भेजा तो उस के दिमाग में 1857 की बात थी । उस ब्रिटेन की कंपनी ने जो साबुन यहां पर भेजा उस साबुन पर लेबल पर लिखा रहता था कि कोई इस साबुन में यह साबित कर दे कि इसमें चरबी मिली हुई है तो उसको एक हजार पौंड का इनाम दिया जाएगा । लेकिन इस देश में स्थिति ऐसी बनी कि उन्होंने इसका गलत प्रयोग किया । मैं भाई विश्वनाथ प्रताप सिंह जी को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने मेरे खत का जवाब दिया । मैंने उनको लिखा कि आपने टैलो साबुन बनाने वाली फैक्टरियों को दिया, वह कोई बच्चे नहीं हैं ये कोई मोनिका दास नहीं हैं, ये कल्पनाथ नहीं हैं, ये लोग अरबों करोड़ों में खेलते हैं, देश के पूंजीपतियों का यहां पर कंट्रोल है । ये क्या आपसे कहते कि हम इसे साबुन में नहीं मिलायेंगे ? क्या वह नहीं जानते हैं कि इस देश में करोड़ों करोड़ लोग हैं। आपने उनको लाइसेंस क्यों दिया । अगर दिया तो उसमें प्राविजन क्यों नहीं रखा कि अगर आप उसमें चर्बी मिलायेंगे तो उसके लेबल पर लिखेंगे कि इसमें टैलो मिला हुआ है । क्यों नहीं लिखा गया कि इसमें चरबी की मिलावट है, जिसको इस्तेमाल करना होगा वह करेगा ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यही नहीं, भाई विश्वनाथ प्रताप सिंह जी ने 31 अक्तूबर को जो चिट्ठी लिखी थी, जिसमें इनके दस्तखत हैं, मैं उनको बताना चाहता हूं कि जो मरे हुए, सड़े हुए जानवर हैं, इनको कड़ाहों में गरम किया जाता है और हड्डियां जो इकट्ठा होती हैं मरे हुए जानवरों की उनको गरम कड़ाहे में खौलाते हैं और उनका रस निकालकर पीपों में भरते हैं और वह कल्पनाथ राय जी को पिलाते हैं । यही नहीं, मामला यहीं समाप्त नहीं होता। भाई विश्वनाथ प्रताप सिंह जी, आप हिम्मत से काम लीजिए, मैं जानता हूं कि आप हटाये जाने वाले हैं क्योंकि कोई दूसरा मंत्री होता तो घूस लेकर छोड़ देता, लेकिन कम से कम आपने हिम्मत तो की । **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री संयद रहमत अली) : आपका वक्त खत्म हो गया रामेश्वर सिंह जी। आप खत्म कीजिए ।

श्री रामेश्वर सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं खत्म कर रहा हूं । इस देश में यह तो साबित हो गया कि डालडा में, साबुन में, घी में गाय की चरबी की मिलावट है । चाहे एक पीपे में है या एक लाख पीपों में । वही अधिकारी है जिसने लाइसेंस दिया, वही जांच करने वाला है । ये लाखों रुपया घूस लेते हैं और घूस लेकर उनको छोड़ देते हैं । कोई एक लाख रुपये लेता है तो कोई एक लाख पैसा लेता है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, विटामिन ए और डी होने की जो कंपनियां

मान्यता दे देंगी वह कंपनियां शुद्ध वनस्पति का सर्टिफिकेट ले लेती हैं। विटामिन ए और डी तभी होगा जब उसमें टैलो मिलाया जाएगा । इसलिए जितनी कंपनीज जो भी वनस्पति बनाती हैं चाहे वह टाटा की हों, बिड़ला की हों या मोदी की हों, सब में चरबी की मिलावट है । एक भी वनस्पति कंपनी ऐसी नहीं है जिसमें मिलावट न हो । मैं प्रणव मुकर्जी व श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी से कहना चाहता हूं कि आप इसके लिए एक संसदीय कमेटी बैठाकर जांच कराइये । मेरे पास प्रमाण हैं, मेरे पास 285 कंपनियों की लिस्ट है । 285 कम्पनियों में साबुन के निर्माता, तेल के निर्माता, डालडा के निर्माता, दवा के निर्माता हैं । यहां तक कि डाबर के च्यवनप्राश में भी चरबी की मिलावट की जाती है और लोगों को खिलाया जाता है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : आप यहीं खत्म कीजिए ।

श्री रामेश्वर सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदय, एक बात मैं और कहना चाहता हूं । मैं पूरी फाइल लेकर आया हूं। हमारे साथी कहते हैं ये हैं प्रभुदत्त ब्रह्मचारी, इनकी चिट्ठी है मेरे पास । ये कहते हैं कि ऐसा काम करने वालों को फांसी दो । कमलापति जी कहते हैं कि फांसी दो ।
5 P.M. जो काशी के, वाराणसी के शंकराचार्य हैं उनकी यह चिट्ठी है। उन्होंने लिखा है कि फांसी दो । इसी तरह से जो मुस्लिम लोग ठेकेदार बनते हैं, यह कहते हैं मुसलमानों के बारे में, मैं कहना चाहता हूं कि मुस्लिम एसोसिएशन लिखती है कि फांसी दो जिन्होंने हम को सूअर की चर्बी खिलाई। इस तरह की मेरे पास पांच सौ चिट्ठी हैं । मैं आपको दे सकता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : आप तशरीफ रखिये । कल्याण सुन्दरम जी आप बोलिये । रामेश्वर सिंह जी की कोई बात इसके आगे रिकार्ड में नहीं जायेगी । आप बैठ जाइये । हाउस में आपको इस वक्त बात करने की जरूरत नहीं है । जो चाहे आप कह लें लेकिन रिकार्ड पर आपका एक लफ्ज भी नहीं जायेगा ।

श्री रामेश्वर सिंह :*

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : आपको कहने की कुछ जरूरत नहीं है । आप बैठ जाइये । आपका कोई रिकार्ड नहीं हो रहा है ।

श्री रामेश्वर सिंह :*

SHRI M. KALYANASUNDARAM (Tamil Nadu): It appears as if we are giving a clean chit, but when I look at this controversy I do not know whether we are going to inspire confidence amon{, the people that our political parties axe competent enough to bring about the necessary socio-economic changes to satisfy them. Whether the import of tallow was allowed due to the wrong polky o£ the Janata Government or the negligence of the Congress-I Government subsequently , the fact remains that large quantities of animal tallow of all varieties have been landed in this country by unscrupulous fellows. How to tackle this problem is an important one, no doubt. You should have a scientific approach to this problem. The Government is in a haste. I do not know why this Ministry got so panicky that now they totally banned the import of all varieties of animal tallow. When you Solve^ one problem, it should not give rise to another problem. I do not know what problems this is going to create for the people; we have to wait and see. Now, for what purpose is this tallow used? The Minister of Civil Supplies has categoric cally assured that there is no adulteration at the point of production. We are living in a society where adulteration, corruption and other kinds of misuse of power

*Not recorded.

[Shri M. Kalyanasundaram]

are quite common. More essential articles are adulterated. Show me a single item of essential articles which is not adulterated. Are we taking up this issue? Is it not our responsibility as political parties who go with liberal promises to the people at the time of election, to put down adulteration? Have we succeeded i_n it? In fact, adulteration itself has become a separate industry to produce articles suitable for adulteration—foodstuffs, drugs, etc. Even cement is not spared. Therefore, should we not take a wider approach to this problem of adulteration? Nobody has said that the mixture of animal tallow— whether it is beef tallow or pig tallow or any other animal tallow—with vanaspati is injurious to health. Nobody has said that. More serious adulterations are taking place which are more injurious to public health. People are getting all sorts of intestinal disorders and liver diseases after taking hotel food. Beef is sold as mutton because beef is cheaper than mutton. I have seen religious Hindus taking beef because it is cheaper. They are very good people. I won't consider them as less faithful to their religion. Such changes are taking place in our society. Why do you make such a fuss now on this issue?

SHRI RAMANAND YADAV: Those Hindus who take beef must be belonging cither to CPI or CPM.

SHRI M. KALYANASUNDARAM: I am a Communist. But I do not take mutton at all. Even eggs I do not take. I am a pure vegetarian.

SHRI RAMANAND YADAV : Why do yon make a sweeping remark that Hindus take beef?

SHRI M. KALYANASUNDARAM : Please listen to my point. I am not suggesting that adulteration of fat with Vanaspati is good or bad. When more serious adulterations endangering the lives of people are taking place, when you come across cases of corruption and black-marketing, you do not show the same anger. That being so, why do you make tins an issue Just now? All of yon have to answer this question. Why do you shift the blame on the Janata Party?

SHRI SATYA PAL MALIK: They are bringing Sankaracharya on the T.V.

SHRI M. KALYANASUNDARAM : Religion should not be involved in politics, When my CPM friend was speaking, there was so much of shouting and even Kari Marx was brought to the House. Marx said that religion is opium of man. What did he mean by that? Religion is used to make human beings dull like opium to divert their attention from the miseries which they are suffering from.

AN HON. MEMBER; That is what friend said.

SHRI M. KALYANASUNDARAM . I have no friend or foe when 1 speak. I speak on policies. Therefore, do not interrupt me. Have some patience. I cannot speak in the way yon want me to speak. *(Interruptions').* You have also election ambitions. Can you say that you have none? Do not attack me on mat ground.

I was explaining what Marx meant when he said that religion ii opium of man. And he has proved to be correct. Our own experience is also that. Religion is used for diverting the attention of people from the wrong policies followed by the Government. If it used against the wrong policies of the Government, I will give my hand to Mr. Rameshwar Singh and join him. I cannot do it because it is ;<sed for a different purpose.

In what way is the import policy or the industrial policy *9I* this Government different from that of the Janata Government? I can understand if there is a battle on policies. But there is only battle to mislead the people. Who can mislead the people better? That seems to be the race. And for that purpose you do not hesitate to use any weapon. That is- why my Party does not support your approach to this problem of tallow import. We have oar own approach. Now you have totally banned import of animal tallow—all kinds of tallow. Let us see how soap is going to be manufactured. Will not the prices of soap go up? Do not shift the burden of your wrong policy to the people. When

there is so much of corruption, adulteration and black-marketing, no political parly is bothered. Can any political party say that they are against these evils? You see, you pick up one issue and fight when it suits you. That is how it is done. But it is the system that is responsible for these evils. I ask my friends: Are you prepared to accept my suggestion? Now diat you have seen how the import licence is misused, how the import licence can be misused, will you accept the suggestion of mine that the export-import trade must be taken over by the Government and no individual should be permitted to import anything? Will anybody support this in this House? I ask my friends who are concerned so much about this adulteration of vanaspati will tallow. Yes, come on. The second thing is this: The biggest importer of tallow is M/s Hindustan Lever. They are the biggest producers of vanaspati and soaps, all kinds of soaps. I am asking my friends: Will you support this demand? The Government is not prepared to do it. Will you urge upon the Government that this firm, M/s Hindustan Lever Ltd., and other such companies should be taken over by the Government so that the people can get these things at cheaper prices? Will they support this? I do not say that the Government is pursuing a right policy. It is a very wrong policy, from the point of view of the people and our national development. Their import policy is ruining many industries. Let US take the import policy and fight. Whether they are liberalising the import policy that was introduced recently or not. this is not the question that I should discuss now and this is not the time when I should talk of all these things. That is why I am not referring to them. But my point is that we must stand on the principle that the import policy or any other policy must serve the interests of the people and that should be the approach in this case also.

[Mr. Deputy Chairman in the Chair]

Earlier, Sir, I sought a clarification from the Minister, Mr. Bhagwat Jha Azad, about the import consignments. Two consignments landed in Madras harbour. One was cleared, that is, before the ban under came. The final order comes only in the end. But one batch landed there and I do not know why it landed in Madras only to be transported to Ghaziabad near Delhi, to this Company. Kindly verify this and also see what has happened to the remaining consignments. Kindly see whether they are also in the bonded ware-hous or are being stealthily removed.

Now, about the importers and exporters: The ruling party should be very careful. They use their intimacy with some leading figures and exploit it for their own ends. One such personality is Mr. Vinod Jain of the Shudh Vanaspati firm. He has got so many concerns under him. One is Jain Exports, and he is also an exporter and an importer and he is involved in scandals and he has preferred claims with the insurance companies and he is a very notorious figure rod f am warning you now". When our friend on this side read out Something from the "Onlooker", you only shouted at him. But you must know how it affects your prestige. Please see that. He claims intimacy with everybody. Can you allow such a fellow to exploit you? Should you not treat such people as untouchable? Should they not be treated as anti-social? They should not be allowed to come anywhere near the Prime Minister's house or the Prime Minister's office Or the Presidential palace. Such is the notoriety of the people of this type, of this character, a very shady character. I will give you whatever details you want. If you want details, 1 am prepared to give them about the anti-social activities of this firm which is involved in this controversy How. I do not know whether there is any rivalry between M/s. Hindustan Lever and this firm, Jain Shudh Vanaspati, to raise this controversy in this forum. Now, he has been allowed bank credit. H_e has been allowed unrestricted licences to import these things. He has been given Unlimited financial resources by banks. The most important three banks are the New Bank of India, the Punjab and Sind Bank rnd the Punjab National Bank. I have got the figures of the amount. He does not have even the initial deposit what is called the marginal deposit. He does not even have to produce any security for the large sums that he had drawn. He ha9 drawn about Rs. 30 crores from the

[Shri M. Kalyanasundaram]

Punjan and Sind Bank, Rs. 14 crores from the New Bank of India and some amount from the Punjab National Bank. Unfortunately, the Finance Minister is not here. But the Finance Ministry has taken action against the officials who were responsible for giving Rs. 14 crores by the New Bank of India. But no action has been taken in the case of large-scale advances given by the Punjab and Sind Bank. What does it show? It shows this man's high connections in political circles. Why don't you get angry? Even if he is your friend, and if somebody donates to the party, can you think that they can purchase the party? Donations are permissible and that can be understood. But can anybody, any industrialist or this kind of smugglers, think of purchasing a political party and use their intimacy with political leaders for coercing the administration or coercing the officials to get the officers. . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think you have made your point.

SHRI M. KALYANASUNDARAM : I am sorry I am taking more of your time, The points are important. That is why...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have covered them now.

SHRI M. KALYANASUNDARAM : I do not want to take any political advantage against this party. I want the country to be saved. I want the people to be protected from Smugglers, from black-marketeers, from such kind of exploiters. That is my concern. That's why. Thank you,- Sir.

SHRI A. G. KULKARNI: Mr. Deputy Chairman, the discussion, the Short Dura-lion Discussion, which we have just now was replete with emotions, religion and so many other extraneous points that it did not bring out the correct position which ought to have been brought out. I agree with my friend, Mr. Kalyanasundaram, that we are entering into, and we have already entered into, the age of science, scientific thinking, scientific talent. Such religious sentiments should not be exploit-

ed. It is my personal position. And I take that position, because the country can only go forward to develop with the aid of science and technology. 1 do not know why this entire matter was blown out Though I have got all affection for my young friend, Mr. Viswanath Pratap Singh, in the last session, while replying the unnecessarily allowed 'himself to be carried away by that bug, the Janata bug as it is called. Every Minister wants to quote Janata's faults. I was with your party to attack the Janata party. You have unnecessarily taken the initiative in discrediting the two parties. These two parties have not combined to take political advantage...

SHRI J. K. JAIN: You are Chairman of that party?

SHRI A. G. KULKARNI. My dear friend[1], you don't interrupt. You are the Secretary of a party. Why do you require that?

SHRI J. K. JAIN: What are you then'?

SHRI A. G KULKARNI: I belong to the Congress Party which is the true Congress Parly. *(Interruptions)* Mr. Jain youngesters should not interrupt when elders are speaking. *(Interruptions)*

SHRI J. K. JAIN: Then you should also behave like elders. *(Interruptions)* What I say is, behave like elders. *(Interruptions).*

SHRI A G. KULKARNI; I think, Sir. that when Mr. Vishwanath Pratap Singh replied at that time, he stated that the Janata Government had liberalised it. Many times it is liberalised. Many times restrictions are imposed. It all depends on the ruling Government. Last year, when Mr. Pranab Mukherjee was the Commerce Minister, he further liberalised—not exactly in this point but inhere are many other liberalisations to the small scale industry, to aid technology, to aid industry. So, lib©-ralisaitioa or restriction depends on circumstances prevailing of the economy at that period of time. What I wanted to say was that when my good friend Mr. Ramanand

Yadav said liberalise import policy, some- 1 body also replied from this side. Liberalise import policy means that Mr. Rama-nand Yadav cannot import. It is the actual j user who has to import. You have to correct yourself. It is the actual user. In the case of Mr. Mohan Dharia's statement

SHRI RAMANAND YADAV: Under OGL anybody can import.

